इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -213 | राजनांदगांव, गुरूवार 20 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# मोदी सरकार ने 14 फसलों पर बढ़ाया एमएसपी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024-25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड रुपए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।



## मोदी कैबिनेट ने इन प्रस्तावों को दी मंजूरी

0 2870 करोड़ रुपये की लागत से लाल बहादुर शास्त्र एयरपोर्ट, वाराणसी के विस्तार को मंजूरी दी गई। रनवे का विस्तार और नया टर्मिनल भवन बनाया जाएगा।

0 लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे को न्यूनतम ऊर्जा खपत के लिए ग्रीन एयरपोर्ट बनाया जाएगा।

0 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान यूनिवर्सिटी की ऑफ-कैंपस प्रयोगशालाएं स्थापित करने को मंजूरी दी गई।

नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार-संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपए बढ़ाकर 3421 रुपए प्रति क्विंटल होगा।

बाजरे का एमएसपी 125 रुपए बढ़ाकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वधावन पोर्ट के लिए परियोजना को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानु में वधावन पोर्ट के लिए 76,200 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इस पोर्ट पर 12 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, देश की पहली अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। ये 1जीडब्ल्यू अपतटीय पवन परियोजनाएं होंगी। जिनमें प्रत्येक की क्षमता 500 मेगावाट होगी।

# शिक्षा मंत्रालय का बड़ा फैसला : यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का ऐलान, सीबीआई जांच कराने की घोषणा

नई दिल्ली। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी है। भारत सरकार ने यह निर्णय परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए लिया है। एक दिन पहले ही दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई थी।

अब एक नई परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का फैसला लिया गया है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिले इनपुट से पता चला है कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। वहीं, पेपर लीक होने की संभावना भी जताई गई है।



### नीट 2024 को भी एनटीए ने कराया आयोजित

मालूम हो कि नीट 2024 आयोजित कराने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने ही यूजीसी नेट परीक्षा 2024 को भी 18 जून 2024 को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित कराया था। जिसे अब रद कर दिया गया है।

### बिहार में ईओयू कर रही नीट मामले में जांच

नीट (यूजी) परीक्षा-2024 से संबंधित मामले में पटना में परीक्षा के संचालन में कथित कुछ अनियमितताओं के संबंध में आर्थिक अपराध इकाई, बिहार पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ग्रेस मार्क्स प्राप्त छात्रों को फिर से नीट की परीक्षा देनी होगी। एनटीए ने कोर्ट को ऐसे बच्चों की संख्या बताई थी। साथ ही शीर्ष अदालत ने समय पर नीट काउसलिंग की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। सरकार ने कहा है कि वह परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही मामले में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीडीएस में चना बाटेगी सरकार : कैबिनेट में अतिथि व्याख्याता नीति-2024 तय, विकास प्राधिकरणों का पुनर्गठन



रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित अटल नगर के मंत्रालय में साय कैबिनेट की बैठक चल रही थी। जिसमें कई अहम फैसले लिए गए हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि, कैबिनेट द्वारा उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अनुमोदन किया गया है। साथ ही पीडीएस के तहत चना वितरण को मंजूरी दी गई है।

बैठक की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने आगे कहा कि, बस्तर, सरगुजा मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण पुनर्गठन का निर्णय हुआ है। इसके बनने से उन क्षेत्रों में विकास होगा और इसके अध्यक्ष सीएम विष्णुदेव साय होंगे। क्षेत्र के विधायक इसके उपाध्यक्ष होंगे। वर्ष 2004-05 में इसका काम शुरू हुआ था. इसके बाद 2012 में क्षेत्र प्राधिकरण शुरू किया गया था। पूर्व सरकार ने इसमें परिवर्तन किया गया था और उपयोगिता कम हो गई थी। अब इसके पुनर्गठन का निर्णय कैबिनेट ने लिया है।

### विदेशी मदिरा बेवरेज कार्पोरेशन खरीदेगी

डिप्टी सीएम श्री साव ने आगे कहा कि, गांवों को इसमें शामिल किया गया है। इसके लिए 50-50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं विदेशी मदिरा के थोक विक्रय और भंडारण के लिए विनिर्माता इकाइयों से सीधे क्रय किया जाएगा। क्रय करने की जिम्मेदारी बेवरेज कार्पोरेशन को दिया गया है। इसका विजन डॉक्यूमेंट 1 नवंबर को जारी किया जाएगा।

# राहुल गांधी लंदन के अखबार को इंटरव्यू में बोले, छोटी हलचल से भी गिर सकती है पीएम मोदी की सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार बहुत कमजोर है और छोटी सी गड़बड़ी सरकार गिरा सकती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में यह टिप्पणी की।



उन्होंने कहा, आंकड़े नाजुक हैं और छोटी से छोटी गलती सरकार को गिरा सकती है। बशर्ते एक सहयोगी को इधर से उधर मुड़ना होगा। उन्होंने कहा, आंकड़े नाजुक हैं और छोटी से छोटी गलती सरकार को गिरा सकती है। बशर्ते एक सहयोगी को इधर से उधर मुड़ना होगा।

इससे पहले सोमवार को कांग्रेस नेता ने रायबरेली सीट को बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि, उन्होंने दूसरी सीट वायनाड से भी भारी मतों के अंतर से जीत हासिल की है।

ब्रिटिश अखबार के मुताबिक, राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि राजग खेमे में बड़ा असंतोष है और उसके भीतर ऐसे लोग हैं, जो हमारे संपर्क में हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। इसी हफ्ते के शुरुआत में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा कहा था कि राजग सरकार लंबा नहीं चलेगी और यह किसी भी समय गिर सकती है। विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं ने इस दावे को दोहराया है कि राजग सरकार कमजोर स्थिति में है।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अकेले सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 का आंकड़ा पार करने में विफल रही। भाजपा 543 सीट वाली लोकसभा में 240 सीट पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। राजग के दो सबसे बड़े सहयोगियों तेदेपा और जदयू ने सरकार बनाने में संजीवनी का काम किया। वहीं, विपक्षी गठबंधन की बात करें तो उसे इस चुनाव में 234 सीट पर जीत मिली। बाद में तीन और सांसदों ने विपक्षी गठबंधन को समर्थन दिया।

# वाराणसी हवाई अड्डे के विकास को मोदी मंत्रिमंडल की मंजूरी

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2869 करोड़ रुपये की लागत से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये सिरे से विकास के लिए भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस प्रस्ताव में हवाई अड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग, एप्रन एक्सटेंशन, रनवे एक्सटेंशन, समानांतर टैक्सी ट्रैक और अन्य संबंधित निर्माण किये जायेंगे।

वाराणसी हवाई अड्डे पर मौजूदा यात्री प्रबंधन क्षमता करीब 40 लाख प्रति वर्ष है। अब इसे बढाकर एक करोड़ प्रति वर्ष किया जायेगा और इस कार्य पर 2869.65 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। नई टर्मिनल बिल्डिंग 75,000 वर्गमीटर के क्षेत्र में बनेगी जिसमें एक साथ पांच हजार यात्रियों का प्रबंधन किया जा सकेगा। इस भवन का डिजायन शहर की विशाल सांस्कृतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'बापू और आंबेडकर की प्रतिमा को हटाना लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन', खरगे ने लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर संसद भवन में महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर और अन्य विभूतियों की प्रतिमाओं को दूसरे स्थान पर स्थापित किए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इन सभी प्रतिमाओं को संसद परिसर में वापस उनके मूल स्थान पर स्थापित किए जाने की मांग की है।



### किसी से नहीं लिया गया परामर्श: खरगे

लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को लिखे पत्र में खरगे ने बुधवार को कहा कि देश के बड़े नेताओं की प्रतिमाओं को मनमाने ढंग से संसद परिसर के दूसरे कोने में स्थापित किया गया है। इस संबंध में किसी से परामर्श भी नहीं किया गया। यह लोकतंत्र की मूल भावना का सरासर उल्लंघन है।

खरगे ने अपने दोनों पत्रों में लिखा है कि महात्मा गांधी और भीमराव आंबेडकर समेत बड़े नेताओं की प्रतिमाओं को संसद में विभिन्न स्थानों पर बहुत सोच-समझकर लगाया गया था। यह प्रतिमाएं प्रमुख स्थलों पर स्थापित थीं, जिन्हें जानबूझकर विस्थापित किया गया है।

### कांग्रेस को है कड़ी आपत्तिः खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि बिना किसी चर्चा के यह मनमाना फैसला लेने पर कांग्रेस को कड़ी आपत्ति है। इन दोनों महान नेताओं का देश की एकता और अखंडता में विशेष योगदान है इसलिए उनकी प्रतिमाओं को पूरे आदर के साथ उनके मूल स्थानों पर फिर से स्थापित किया जाए। ध्यान रहे कि विपक्षी दल प्रायः संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा और आंबेडकर प्रतिमा के स्थलों पर विरोध प्रदर्शन और पदयात्रा करते थे।

# भीषण गर्मी के कारण देश में लगातार बढ़ रहा मौत का आंकड़ा, स्वास्थ्य मंत्री को जारी करना पड़ी एडवाइजरी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में गर्मी अपने चरम पर है। दिल्ली और नोएडा में लू और हीट स्ट्रोक के मामले में बढ़ोतरी हुई है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। हालात को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हीटवेव की स्थिति और अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा की। हेल्थ मिनिस्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हॉस्पिटल में लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने केंद्र के अस्पतालों में स्पेशल हीटवेव इकाइयां शुरू करने का निर्देश दिया है।



### हीट स्ट्रोक से 7 की मौत

पिछले 48 घंटे में दिल्ली में हीट स्ट्रोक से सात लोगों की मौत हो गई। इनमें से पांच मरीज राम मनोहर लोहिया अस्पताल और दो सफदरगंज अस्पताल में एडमिट थे। आरएमएल हॉस्पिटल में 12 मरीज फिलहाल वेंटिलेटर पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में बीते तीन दिनों में गर्मी और लू से 42 लोगों के मरने की आशंका है। हालांकि इसकी पुष्टि प्रशासन ने नहीं की है।

### नोएडा में 14 शव मिले

नोएडा में पिछले 24 घंटे में अलग-अलग जगहों पर 14 शव मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि मौते लू और हीटस्ट्रोक के कारण हुई हैं। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारण का पता स्वास्थ्य विभाग ने बताने का कहा है।

### सात राज्यों में 3-4 दिन में पहुंचेगा मानसून

देश के कई राज्यों में मानसून पहुंच गया है। नॉर्थ-ईस्ट के प्रदेशों में तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में तीन से चार दिन में मानसून के पहुंचने का अनुमान है।

गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बृजमोहन ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

रायपुर। कैबिनेट की बैठक के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया. उन्होंने सीएम विष्णु देव साय को अपना इस्तीफा पत्र सौंप दिया है। इसके पहले बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान विधायक अजय चंद्राकर, विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, पूर्व सांसद सुनील सोनी सहित कई नेता मौजूद थे।

इस्तीफे के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, एक नई पारी की शुरुआत कर रहा हूं. आप सभी का प्यार और दुलार मिलता रहेगा. मैं रायपुर दक्षिण की जनता से माफी मांगता हूं। मुझे विधायक का पद नई दायित्व के साथ छोड़ना पड़ा है। मैं संसद में जनहित के मुद्दों को उठाता रहूंगा। केंद्र में मंत्री नहीं बन पाने का मुझे मलाल नहीं है।




# बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया।अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है।



पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि इलाके में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा, जब सुरक्षाबलों की टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणाम स्वरूप वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ अब भी जारी है। हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनमें कई आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया है।

# साय सरकार का बड़ा फैसला : आरटीई के जरिए बड़े निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चों के मेंटर होंगे कलेक्टर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शिक्षा प्रणाली को लेकर साय सरकार मोड में आ गई है। सीएम विष्णुदेव साय सरकार ने राइट टू एजुकेशन के तहत दाखिला लेने के बाद 50 परसेंट बच्चों के स्कूल छोड़ देने की कलेक्टरों की रिपोर्ट को गंभीरता से लिया है। जिसको लेकर सरकार ने अब प्रायवेट स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।



### सीएम ने स्कूल शिक्षा सचिव को दिए निर्देश

सीएम श्री साय ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छत्तीसगढ़ में प्रायवेट स्कूलों के ड्रॉप आाउट पर किसी भी सूरत में अंकुश लगाया जाए। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले वार कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम कमिश्नर, नगर पालिका अधिकारी की नौ सदस्यीय कमेटी बना दी है।

### कलेक्टर प्रायवेट स्कूलों में रखें निगरानी

स्कूल शिक्षा सचिव ने कलेक्टरों को पत्र लिख कहा है कि, प्रायवेट स्कूलों में राइट टू एजुकेशन पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही प्रायवेट स्कूल प्रबंधन को बुलाकर मीटिंग करें और उन्हें आवश्यक निर्देश दें। अगर प्रायवेट स्कूलों में महंगी फीस, महंगी पुस्तकों की वजह से ड्रॉप आउट हो रहा तो उन स्कूलों पर कार्रवाई करें। विष्णुदेव सरकार ने आज इसमें एक और पहल करते हुए तय किया है कि, प्रायवेट स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रताड़ना और ड्रॉप आउट से बचाने मेंटर नियुक्त किया जाए। प्रदेश में इस समय 3 लाख 35 हजार विद्यार्थी राइट टू एजुकेशन के तहत ऑन पेपर दाखिला लिए हैं।

### स्कूलों के साथ कोआर्डिनेट करें

जिलों के कलेक्टरों से कहा गया है कि, वे अफसरों को उनके मेंटर नियुक्त करें। किसी जिले में राइट टू एजुकेशन के तहत दो हजार बच्चे होंगे और जिले के सभी विभाग मिलाकर 100 होंगे, तो 20 बच्चों पर एक अफसर को मेंटर बनाया जाएगा। प्रायवेट स्कूलों में राइट टू एजुकेशन के तहत दाखिला लिए गरीब बच्चों को ये मेंटर सलाहकार और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भीषण गर्मी में भी चालू नहीं रहा जिला अस्पताल का वाटर एटीएम

राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों सहित अन्य लोगों पेयजल समस्या से जूझना न पड़े इसलिए यहां हास्पिटल के प्रवेश द्वार के ठीक बाजू में वाटर एटीएम लगवाया गया है। उक्त एटीएम कुछ दिन ठीक चलने के बाद बंद हुआ है तो उसे आज तक सुधार ही नहीं गया। यहां तक कि भीषण गर्मी के दिनों में उक्त वाटर एटीएम वैसे ही बंद रहा। जिला चिकित्सालय में आने जाने वाले लोग भीषण गर्मी में पेयजल के लिए तरसते रह गए लेकिन निगम ने इस वाटर एटीएम को सुधारने के लिए सुधि ही नहीं ली। अस्पताल सुत्रों की माने तो उक्त वाटर एटीएम पिछले दो साल से बंद पड़ा है। निगम ऐसे बेकार व बंद पड़े वाटर एटीएम को हटवा लेता तो कम से कम डाक्टरों के वाहनों को रखने के लिए जगह निकल आती।




**○ दो-तीन वर्षों से बंद पड़ी है मशीन, निगम का ध्यान नहीं, सभी एटीएम के यही हालात**

### खराब पड़े है शहर के अन्य वाटर एटीएम

बताते चले कि नगर निगम द्वारा 2-3 वर्ष पूर्व शहर के अलग-अलग हिस्सों में वाटर एटीएम की स्थापना की थी। इनमें से एक एटीएम नगर निगम राजस्व शाखा के ठीक सामने लगा हुआ है। जो कभी बंद तो कभी चालू रहता है। इस तरह शहर के हाईटेक बस स्टैंड के समीप वाटर एटीएम लगा है। उक्त वाटर एटीएम की पानी टंकिया बेकार हो गई है। इसके चारो तरफ से फूट जाने से वाटर एटीएम से पानी रिसते रहता है। यहां पर शराबियों का जमघट बना रहता है जिसके द्वारा शराब की खाली शीशी व चखना पैकेट आदि डाल दिए जाते है। इसी तरह देखा जाए तो शहर में जितने जगह वाटर एटीएम लगाए गए है सभी का यही हाल होकर रह गया है।

### देख-रेख का अभाव

शहर के विभिनन स्थानों में लाखों रूपए खर्च कर निगम द्वारा लगाए गए इन वाटर एटीएम से पूरी गर्मी गुजर जाने के बाद भी राहगीरों को पानी नसीब नहीं हुआ। आलम यह है कि जिन वाटर एटीएम में एक रूपए का सिक्का डालने पर पानी न निकल कर केवल हवा निकलता है। कही कही तो कुछ बूंदे पानी निकल आती है। इसकी वजह पानी टंकी का फूटा होना बताया जाता है। कुछ एटीएम तो शराबियों के डस्ट बीन बने हुए है जहां वे शराब की खाली शीशी व चखना पैकेट, डिस्पोजल ग्लास आदि डाल देते है। इसकी वजह इन वाटर एटीएम का देखरेख का अभाव होना है। बता दे कि जिला चिकित्सालय में 2-3 वर्ष स्थापित किए गए वाटर एटीएम चालू है कि बंद है निगम द्वारा झांक कर नहीं देखा गया। निगम का वाटर एटीएम तो कभी-कभी एक रूपए का सिक्का ले-ले ता है और पानी ही नहीं देता। अन्य वाटर एटीएम के हालत इससे भी बूरी है। वह न तो सिक्का ले रहा है और न पानी उगल रहा है। सभी लगभग बंद पड़े है। भीषण गर्मी में खराब होकर बंद पड़े इन वाटर एटीएम का ओर न निगम का ध्यान रहा और न वार्ड पार्षद ध्यान दे पाए है। इसके कारण लोगों को मजबूरी भीषण गर्मी में बाहर से पानी लेकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

# निर्धारित समय-सीमा में निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करें - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्त्ताओं को लेखा टीम को सही एवं त्रुटि रहित निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने कहा। उन्होंने बताया कि परिणाम घोषणा होने के 30 दिवस के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर व्यय लेखा दाखिल नहीं करने पर अभ्यर्थी को तीन वर्ष के लिए प्रतिबंध करने का प्रावधान है। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव से निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से कहा है कि वे 4 जुलाई तक निर्वाचन व्यय का लेखा निर्धारित प्रदाय पंजी, बैंक स्टेटमेंट, वाउचर एवं शपथ पत्र संबंधित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण लेखा टीम प्रभारी के पास जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दिलीप कुमार सिंह, निर्वाचन व्यय लेखा दल के अधिकारी, अभिकर्ता सुरेश एच. लाल, सुरेश धिंगानी, अभ्यर्थी रमेश राजपूत, लाखन सिंह टंडन, अजय पाली, सुखदेव सिन्हा सहित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में सिकलिंगसेल जागरूकता अभियान के तहत व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 19 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में सिकलसेल जागरूकता अभियान पर प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर चित्र के माध्यम से सिकलिंग सेल को प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य अनीता सहारे द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताई की सिकलिन से ग्रसित मनुष्य की शारीरिक स्थिति कैसी होती है उनको कौन-कौन सी बीमारी हो जाती है। सिकलिंग होने के कारण, बचाव एवं सावधानियां बरतनी के लिए बहुत सारे उपाय बताएं। सुश्री विभा कायरकर व्याख्याता जीव विज्ञान ने भी सिकल सेल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं श्रीमती बॉबी नन्हारे व्याख्याता, श्रीमती श्रद्धा तिवारी व्याख्याता, श्रीमती दीपिका साहू व्याख्याता, श्रीमती सीमा धमकेश व्याख्याता, श्रीमती आयुषी भटनागर व्याख्याता, श्रीमती विधि चौरसिया, श्रीमती अनीता यादव, सहायक शिक्षक विज्ञान, व्यायाम शिक्षक उमेश दास वैष्णव एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### कबीर जंयती पर 22 जून को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 22 जून दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# देयकों एवं मासिक लेखों का प्रस्तुतिकरण होगा पेपरलेस

**कोषालयों में जुलाई से देयकों एवं मासिक लेखे का ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण अनिवार्य**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं प्रभावशील प्रशासनिक व्यवस्था हेतु सूचना एवं संचार प्राद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। वित्त विभाग ने पेपरलेस ऑफिस की अवधारणा को मूर्तरूप दिये जाने 1 जुलाई से सभी प्रकार के देयकों का प्रस्तुतीकरण, भुगतान एवं लेखे का प्रेषण इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से किया जायेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वित्त विभाग के वित्त निर्देश के प्रावधानों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आहरण-संवितरण अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही पेपरलेस हो जायेगा। कोषालयों में 1 जुलाई से देयकों एवं मासिक लेखे का अनिवार्य रूप से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किया जाना है। वित्त विभाग ने देयकों का ई-बिल के रूप में प्रस्तुतिकरण किये जाने निर्देश जारी किया है।

वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी श्री दिलीप सिंह ने देयकों एवं मासिक लेखों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि राज्य के सभी कोषालय में देयकों का ई-बिल के रूप में वर्ष 2014 से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। वर्तमान में राज्य के सभी कोषालयों में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गई। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 1 जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी राज्य के सभी कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतिकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाए। साथ ही कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाये।

इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री की उपलब्धता जरूरी है। साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

इस व्यवस्था को लागू करने हेतु सभी विभागों को अधीनस्थ कोषालयों में समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। राज्य के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ की जानी है। प्रक्रिया शुरू होने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल माड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जाएंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जाएगा।

### रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिला अंतर्गत पुराना जिला पंचायत के पास रेल्वे स्टेशन रोड पर स्थित 2 रिक्त दुकानों को ग्रामीण क्षेत्र के स्वसहायता समूह को आजीविका गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। रिक्त दुकानों के आबंटन हेतु स्वसहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### एसोसियेट डाटा एण्ट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 30 जून तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेण्ड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय एसोसियेट डाटा एण्ट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एसोसियेट डाटा एण्ट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 30 जून तक शासकीय आईटीआई पेण्ड्री राजनांदगांव में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

# जल संरक्षण के लिए सभी को करने होंगे समन्वित प्रयास - कलेक्टर



**○ सभी उद्योग एवं एनजीओ जल संरक्षण के लिए दें अपना योगदान**
**○ जिले में पौधरोपण के लिए खोदे गए 48 हजार गड्ढे**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण एवं जल संरक्षण के संबंध में उद्योग, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं विभिन्न विभागों की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए जनसहभागिता से कार्य किया जा रहा है। छोटे-छोटे प्रयासों के बड़े परिणाम प्राप्त होते हैं। जिले में तीन विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ क्रिटिकल जोन होने के कारण जल संरक्षण के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। सभी उद्योग एवं एनजीओ जल संरक्षण में अपना योगदान दें। कम लागत में अधिक जल संरक्षण के लिए नए तकनीक एवं तरीके ईजाद किए जा रहे है। वहीं बहुत सी अनुपयोगी वस्तुओं को रिसायकल कर उसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में पौधरोपण के लिए 48 हजार गड्ढे खोदे लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पौधे प्राप्त होते ही पौधरोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे, तालाब के किनारे, चारागाह तथा विभिन्न स्थानों में सघन पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों को संरक्षित करने के लिए पाईप भी लगाना है। छायादार एवं फलदार पौधे अधिक से अधिक लगाएं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए सभी उद्योगों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि जिले में कम पानी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मक्के की फसल को प्रोत्साहित करना है। जिन स्थानों में पानी कम रूकता है। वहां मक्के की फसल किसानों को लगाने के लिए प्रेरित करें। मक्के की मोनसेंटों वैरायटी खरीफ एवं रबी सीजन में लगाने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही यह भी जरूरी है कि पौधों की अच्छी तरह देखभाल की जाए। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, उपायुक्त सहकारिता श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीमती गुंजन झा, राजाराम मेज प्रोडक्स के प्रबंधक मनोज चौबे, एबीस के प्रतिनिधि सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुष योगा वेलनेस सेंटर में पांच दिवसीय योग शिविर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार डॉ.शिल्पा पांडे के मार्गदर्शन से शासकीय आयुष योगा वेलनेस सेंटर राजनांदगांव में पांच दिवसीय योग शिविर का दिनांक 17 से 21 जून तक आयोजन किया जा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिन बघेल (केन्द्रीय सहकारी बैंक) तथा डॉ रमाकांत शर्मा (नोडल अधिकारी) के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस शिविर में प्रतिदिन विभिन्न योगासन डॉ. भारती यादव (योग चिकित्सक) के द्वारा कराया जा रहा है, साथ-साथ चित्रकला, कुर्सी दौड़, चम्मच गोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है साथ ही अंकुरित, नींबू पानी, जलजीरा वितरण किया जा रहा है।

लोग इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में योग में शामिल होकर योग का लाभ ले रहे हैं प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया जा रहा है अतः समस्त नागरिक अधिक से अधिक संख्या में आकर इस योग का लाभ ले इस शिविर में डॉ शिल्पा पांडेय (जिला आयुर्वेद अधिकारी) के द्वारा लोगों को पीसीओडी में योग एवं आहार से होने वाले लाभ के बारे में बताया तथा डॉ. हर्षा बरैया (प्रभारी आयुष पॉलीक्लिनिक) के द्वारा भी योग करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया आयुष पॉलीक्लिनिक चिखली राजनांदगांव के सभी कर्मचारी की सहभागिता रही।

### विभिन्न कोर्सो में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 25 जून तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को हूनरमंद बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को 3-4 माह की अवधि का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में किया जाएगा।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रशिक्षण में कम्प्यूटर, रिटेल, ऑफिस असिस्टेन्ट, इलेक्ट्रिशियन, मेसन, बुनकर, सिलाई, जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) इत्यादि कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा 25 जून 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में करा सकते हैं।


**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं. बी-121 वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ला/ग्रामवासी ग्राम रेंगाकठेरा प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल आ. रामभरोसा गोड़ निवासी शहर/ग्राम रेंगाकठेरा राजनांदगांव द्वारा ग्राम/मोहल्ला रेंगाकठेरा प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. खैरझिटी तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 541/2 शा. 1774/4, 1441/2, 1961 रकबा 0.089, 0.275, 0.287 डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक 28/6/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 14-6-2024
सुनवाई दिनांक 28-6-2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-9
359-7 780-5
राजधानी
3-5-8
479-0 227-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी जागृति प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. डोंगरगांव पं.क्र.-194 जिला राजनांदगांव**

**// सूचना //**

जागृति प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. डोंगरगांव पं.क्र.-194 के रिटर्निंग अधिकारी श्री एस.एन. चकलादार के द्वारा समिति का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 19.06.2024 को जारी किया गया है। जिसके अनुसार समिति में कुल 11 सदस्यों का निर्वाचन किया जावेगा, जिसमें 08 सदस्य अनारक्षित वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित), दो सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित) एवं एक सदस्य अनुसूचित जाति वर्ग से होगा। नामांकन पत्र जमा करने का दिनांक 02.07.2024 को समय 12 से 03 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच दिनांक 03.07.2024 को 12 बजे से किया जावेगा, नामांकन पत्र की वापसी, अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन दिनांक 05.07.2024 को समय 12 से 02 बजे तक एवं दिनांक10.07.2024 को समय 12 से 03 बजे तक विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) तथा मतदान समाप्ति के एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जायेगी। दिनांक 11.07.2024 को समय 12 से 02 बजे तक रिक्त स्थानों का सहयोजन (यदि आवश्यक हुआ तो) किया जावेगा। दिनांक 15.07.2024 को समय 12 बजे से अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का चुनाव किया जावेगा। उक्त सभी कार्य समिति कार्यालय डोंगरगांव में संपादित किया जावेगा।

**एस.एन.चकलादार (रिटर्निंग अधिकारी)**
**जागृति प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. डोंगरगांव पंजीयन.क्रमांक -194**



**- निविदा आमंत्रण सूचना -**

निविदा क्रमांक 4 | दिनांक 18.06.24

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव जिला राजनांदगांव की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.25 तक) में अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये शासन के अधिकतम निर्धारित दर रू. 150.00 भर्ती सामान्य प्रति मरीज प्रतिदिन की दर एवं जे.एस.एस.के. प्रकरण के हितग्राहियों में रू. 100.00 एवं 150.00 सहित कुल 250.00 प्रतिदिन प्रति मरीज को भोजन एवं स्वल्पाहार आपूर्ति करने लिए महिला स्व-सहायता समूहों/स्थानीय अलाभकारी संस्था एवं स्थानीय फर्म भोजनालय से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित किया जाता है।

उक्त आवेदन हेतु 100.00 कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगांव में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्ते भोजन मेन्यु संबंधी निर्देश प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल व्यय | - | अनुमानित 10 लाख वार्षिक |
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | - | दिनांक प्रकाशन दिवस से 20वां दिन शाम 5.00 बजे तक । |
| निविदा आवेदन जमा हो की अंतिम तिथि | - | दिनांक प्रकाशन से 21वां दिन तक दोपहर 2.00 बजे तक। डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से |
| निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि | - | दिनांक प्रकाशन दिवस से 21 वां दिन दोपहर 3.00 बजे पुराना चिकित्सालय डोंगरगांव अवकाश एवं आवश्यक कार्य होने पर अगले कार्य दिवस। |

टीप - निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में श्री टी. मंडावी संगणक कक्ष 7 से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूह अथवा स्थानीय अलाभकारी संस्था को प्राथमिकता दी जावेगी।

जी -242500408/2

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामु. स्वा. केन्द्र, डोंगरगांव**



dts **श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

भीड़भरा शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर

सतीश जैन कृत

**मोर छंइहा भुंईया-2**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show | SILVER SCREEN MULTIPLEX | 17th June To 20th June 2024 | silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00 06:00 and 09:15 pm

Chandu Champion- 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm

Munjya - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# नए क्रिमिनल कानून, वीजा और कमर्शियल वाहनों की कीमत, 1 जुलाई से लागू होने वाले यह तीन अहम बदलाव

नई दिल्ली। एक जुलाई से देश में नए नियम लागू होने जा रहे हैं जिसमें भारतीय कानून, वाहनों की कीमत और वीजा नियमों पर आधारित है। तो आइये जान लेते है 1 जुलाई से कौन से महत्वपूर्ण नियम लागू होने वाले है।



### पहला - तीन नए क्रिमिनल कानून

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। 1 जुलाई से देश में तीन नए क्रिमिनल कानून लागू होंगे। बता दें कि पिछले साल अगस्त में संसद के मानसून सत्र के दौरान इन कानूनों के मंजूरी मिली थी। यह तीनों कानून औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

### कौन-कौन से अपराध इस कानून में होंगे शामिल?

न्याय संहिता में संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, मोबलिंचिग, टक्कर मारकर भागना, धोखे से महिलाओं का यौन शोषण, छीना-झपटी, भारत के बाहर उकसाना, भारत की संप्रभुता, अखंडता और एकता को खतरे में डालने वाले कृत्य और झूठी या फर्जी खबरों का प्रकाशन जैसे 20 नए अपराध भी शामिल हैं। नए कानूनों के तहत भीड़ द्वारा हत्या और नाबालिगों के साथ दुष्कर्म के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया जाएगा। वहीं, नए कानूनों के तहत व्यभिचार, समलैंगिक यौन संबंध और आत्महत्या के प्रयास को अब अपराध नहीं माना जाएगा।

### दूसरा- वीजा में बदलाव लाएगा भारतीय छात्रों के लिए परेशानी?

ऑस्ट्रेलिया के अस्थायी स्नातक वीजा कार्यक्रमों में सरकार की नई प्रवासन रणनीति के तहत 1 जुलाई, 2024 से बड़े पैमाने पर संशोधन किए जाएंगे।

इसके तहत अब आवेदकों को अपनी योग्यता के अनुरूप वीजा स्ट्रीम का चयन करना होगा जिसकी आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

### तीसरा- कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी

कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के लिए टाटा मोटर्स 1 जुलाई से अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।

# सीएम विष्णु देव साय सहित मंत्रिगणों ने सांसद बनने पर बृजमोहन अग्रवाल को किया सम्मानित



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बृजमोहन अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री अग्रवाल को सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बृजमोहन अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं।

**कैबिनेट में श्री अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की वे सतत रूप से आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं। जनता ने उन्हें ढेर सारा प्यार दिया है। इस बार उन्होंने रिकार्ड मतों से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतकर जनता के बीच अपनी लोकप्रियता साबित की है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्री परिषद के सदस्यों ने श्री अग्रवाल को सम्मानित किया। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आप लोगों के साथ मेरा हमेशा आत्मीय और अटूट रिश्ता रहेगा। उन्होंने सम्मान के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# जिला कार्यालय में वाहन चोर सक्रिय



राजनांदगांव (दावा)। शहर के जिला कार्यालय में वाहन चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। बताया जाता है कि जिला कार्यालय परिसर से कुछ माह में 15 दो पहिया वाहनों को चोरो ने पार कर दी है। इससे पूरे जिले भर से अपने-अपने आवश्यक काम के लिए आने वाले लोगों सहित जिला कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों में दहशत पैदा हो गई है। बता दे कि जिला कार्यालय में सिर्फ इसके प्रवेश द्वार के सामने ही पुलिस का पहरा देखा जाता है जबकि पूरे कार्यालय परिसर चाहे वह कम्पोजिट बिल्डिंग क्षेत्र हो या राजस्व कार्यालय आफिस की और पुलिस का पहरा ही नहीं रहता। ज्यादातर जिला मुख्यालय में आने वाले लोग जिला कार्यालय परिसर के पूर्वी भाग व दक्षिणी भाग में अपनी गाड़ियां खड़ी करते है। इसी तरह कम्पोजिट बिल्डींग के सामने भाग में छत्तीसगढ़ी व्यंजन वाले हाटेल व राजस्व कार्यालय के आसपास गाड़ियां खड़ी कर अपने काम के लिए संबंधित आफिस चले जाते है। इन कार्यालयों के सामने खड़ी गाड़ियों पर किसी पुलिस या चौकीदार की नजर नहीं रहती। इसका बेजा फायदा वाहन चोर उठाते है और आंख बचाकर वाहन पार कर देते है। इधर कई दिनों से देखा जा रहा है कि जिला कार्यालय परिसर में सायकल स्टैण्ड का ठेका भी किसी को नहीं दिया गया है। इससे चोरो के पौ-बारह है। लोगों की नजर चुराकर अपनी मनपंसद वाहनों पर हाथ साफ कर दे रहे है।

- कार्यालय परिसर से कुछ दिनों में 15 दो पहिया वाहन पार
- देखती रह जा रही है पुलिस
- सायकल स्टैण्ड का अब तक नहीं हुआ है ठेका

### सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर

बता दे कि जिला कार्यालय में पहले भी कई दुपहिया वाहनों की चोरी हो चुकी है। इसके थाने में भी शिकायत दर्ज कराए गए है लेकिन वाहन चोरों का पता लगाया नहीं जा सका है। ऐसे ही एक वाहन चोर जिला कार्यालय मे लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया है जो मुंह में गमछा बांध कर मजे से वाहन चोरी कर ले जाते हुए नजर आ रहा है। बताते चले कि गत वर्ष जनसम्पर्क कार्यालय के एक आपरेटर की मोटर सायकल चोरी हो गई। इसका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। इसके बाद भी चोर सपड़ में नहीं आया। बहरहाल जिला कार्यालय में वाहन चोरी की बढ़ती सक्रियता से यहां आने वाले लोगों में वाहन चोरी का भय व्याप्त हो गया है।

> आचार संहिता लगे होने के कारण सायकल स्टैण्ड का ठेका नहीं हो पाया था अब शीघ्र ही निविदा निकाली जाएगी।
>
> **खेमलाल वर्मा**
> **संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव**

# छत्तीसगढ़ के 20 हजार से अधिक गांवों में भू-सर्वे को बनाया जा रहा है त्रुटि रहित

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राजस्व प्रशासन में हो रहा नवाचार**

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कैडस्ट्रल नक्शों का जियो रिफ्रेंसिंग एवं डिजिटाइजेशन परियोजना भी संचालित की जा रही है। जिसमें राज्य का सम्पूर्ण हिस्सा सर्वेक्षित हो जाएगा और एक डिजिटल डेटा बेस तैयार किया जा सकेगा। यह जियो रिफ्रेंसिंग कार्य डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) सर्वेक्षण से किया जा कर सैटेलाईट ईमेज से किया जा रहा है। राज्य में संचालित की जा रही कैडस्ट्रल नक्शों का जियो रिफ्रेंसिंग एवं डिजिटाईजेशन परियोजना के अंतर्गत 20 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में भूमि का सर्वेक्षण का काम होगा। अब तक महासमुंद, धमतरी, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बलौदाबाजार, कोरबा सहित 9 जिलों के 4375 गांवों की भूमि का जियो रिफ्रेंसिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस परियोजना में छत्तीसगढ़ में भू-सर्वे को त्रुटि रहित बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक जिओ रिफ्रेंसिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तकनीक में छोटी से छोटी भूमि का लॉन्गीट्यूड और एटीट्यूड के माध्यम से वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना आसान हो जाएगा।

सीएम विष्णु देव साय ने इस नई तकनीक के इस्तेमाल को अपनी मंजूरी दी गई है, इसके लिए बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जियो रिफ्रेंसिंग एवं डिजिटाईजेशन परियोजना में राज्य का सम्पूर्ण हिस्से का सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम की सीमा का सेटेलाईट इमेज पर त्रुटि रहित चिन्हांकन होगा। इससे प्रत्येक ग्राम का राजस्व अभिलेख की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण किया जाना संभव हो सकेगा।

परियोजना के माध्यम से भू-सर्वे का कार्य त्रुटि रहित होने के साथ-साथ बंदोबस्त त्रुटि सुधार प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा सकेगा। सीमांकन कार्य में भूमि संबंधी विवादों का सही-सही निराकरण किया जा सकेगा। जियो-रिफेरेसिंग कार्य से वर्तमान में उपलब्ध पटवारी नक्शा तथा स्थल पर भिन्नता का आंकलन कर उनका निराकरण भी किया जा सकेगा। सीमांकन-नामांतरण, बटवारा संबंधी न्यायालयीन प्रकरणों में कमी आएगी। प्रधानमंत्री गति सक्ती योजना के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण और जल संसाधन आदि विभागों की परि-सम्पत्तियां को आसानी से चिन्हांकित किया जा सकेगा। भू-सर्वे सत्यापन की प्रक्रिया के लिए राजस्व विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जा रहा है, कलेक्टर को सर्वेक्षण अधिकारी के रूप में अधिकृत किया गया है। सर्वेक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में उप-सर्वेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक सर्वेक्षण अधिकारी तहसीलदार कार्य करेंगे। राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी कलेक्टर के परिवेक्षण में तथा एसडीएम, तहसीलदार के निर्देश में जारी प्रपत्र अनुसार सत्यापन कर नक्शे एवं स्थल के मध्य की भिन्नता को दूर करेंगे। पटवारियों द्वारा ऐसे 15-20 अनडिस्पियूड ग्राउंड कंट्रोल प्वाइंटस को मिलान किया जाएगा जो खसरा मैप और सेटेलाईट इमेज में समान रूप से मिलते हैं। जियो-रिफ्रेंसिंग खसरा नक्शों में खसरा नंबर मूल पटवारी नक्शों से मिलान किया जाएगा, प्रत्येक खसरा के रिकॉर्ड एरिया एवं जीआईएस एरिया का मिलान किया जाएगा, ग्राम के सीमा से लगे अन्य ग्रामों की सीमा की ओवरलेपिंग एवं गेप की जांच एवं निराकरण किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करने आयुक्त के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता द्वारा समय समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेकर निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने योजना से जूडे अधिकारियों को वार्डो में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती गरिमा वर्मा एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर अंकुर मिश्रा सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बीएलसी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे है। इसी तारतम्य में सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती वर्मा एवं आवास की टीम हितग्राही द्वारा कर रहे स्वयं से आवास निर्माण का जायजा लेकर हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण के संबंध में योजना के नियमो की जानकारी उपलब्ध कराई जा रहा है और आवास निर्माण पर उन्हें चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है।



**योजना के संबंधित अधिकारी वार्डो में कर रहे निरीक्षण**

प्रधानमंत्री आवास योजना का उदेश्य सर्वसुविधायुक्त स्वयं का पक्का आवास प्रदान करना है। जिसके लिये आवास निर्माण पर चरणबद्ध भुगतान किया जाता है। चरणबद्ध स्तर पर आवास निर्माण करने पर जियोटैंगीग करने के बाद चार किस्तों में हितग्राहियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार आधार बेस भुगतान किया जाता है। सर्वप्रथम आवास निर्माण करने पर पहली किस्त नींव खनन स्तर पर, द्वितीय किश्त छज्जा स्तर पर, तृतीय किश्त छत ढलाई करने पर एवं चौथी एवं अंतिम किश्त आवास पूर्ण होने पर जारी की जाती है।

आवास योजना के कार्यो में गति लाने निगम आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा योजना से जुडे अधिकारियों को प्रगति की जानकारी देने निर्देशित किया गया, निर्देशानुसार सिविल इंजीनियर अंकुर मिश्रा के द्वारा निर्माणाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु हितग्रहियों से इस संबंध में चर्चा कर उन्हें आवास पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग प्रदान कर तकनीकी गुणवत्ता की जानकारी प्रदान कर आवास को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

आवास योजना से जुडे अधिकारी हितग्राहियों को जानकारी दे रहे है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर उत्कृष्ट एवं अच्छे आवास निर्माण करने वाले हितग्राहियों का सम्मान शासन द्वारा किया जाता है इसी आधार पर हितग्राहियों से अच्छे और सुविधा युक्त आवास निर्माण करने हेतु सामाजिक विशेषज्ञ श्री मानकर के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान हितग्राहियों को इसके संबंध में जानकारी दी गयी, साथ ही इस दौरान वार्डो में कुछ आवास योजना से वंचित कच्चे घरों में निवासरत परिवार को योजना की जानकारी प्रदान कर मोर जमीन मोर मकान घटक के तहत आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके।

# घर में सो रहे ग्रामीण को जिंदा जलाया, अस्पताल में तोड़ा दम

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मोक्षधाम सांकरदहरा समीपस्थ ग्राम कन्हारपुरी में 12 जून की रात 48 वर्षीय ग्रामीण अशोक लेंझारे पर रात में सोते समय अज्ञात आरोपी ने पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने की कोशिश की थी।

घटना में अशोक 90 फीसदी जल गया था। गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रिफर कर मेकाहारा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अशोक ने 17 जून को अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है। 12 जून की रात अशोक अपने घर में सो रहा था। अज्ञात आरोपी अपने चेहरे व शरीर में भभूत डाल कर पहुंचा और अशोक के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। घटना में अशोक 90 फीसदी बुरी तरह झुलस गया था। परिजनों ने अशोक को भर्ती कराया था। पांच दिन जीवन से संघर्ष करने के बाद अशोक ने 17 जून को दम तोड़ दिया। अशोक गांव के कोटवार का बेटा है। जिसे अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया था।घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति अपने पूरे शरीर में भभूत लगाया हुआ था और सिर्फ अंडरवियर पहना था। इस वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल था। आपसी रंजिश की वजह से अशोक को आग में जला कर हत्या की गई है।

# आईजी ने रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक ली

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव रेंज आई.जी. दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में रेल्वे सुरक्षा समिति का समीक्षा बैठक लिया गया। दिए कड़े निर्देश, बोले-सीमा विवाद में मत उलझें; पटरी से तत्काल निकलवायें शव। जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला बल आपस में समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण, आपदा प्रबंधन हेतु परिस्थित अनुसार संयुक्त टीम के रूम में कार्य करे। अपराध नियंत्रण एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। रेल्वे स्टेशनों में मादक पदार्थों एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जी.आर.पी., आर.पी.एफ एवं जिला बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करें। रेलवे स्टेशन के आसपास नशा का सामान परिवहन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु दिया गया निर्देश।

# युगांतर पब्लिक स्कूल में दीप्ति बिंदल द्वारा एनएलपी वर्कशाप




राजनाँदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए एनएलपी पर आधारित एक दिवसीय वर्कशाप आयोजित हुई। इस वर्कशाप को एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने न्यूरो लिंगविस्टिक प्रोग्राम के जरिये शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के गुर बताए।

इस वर्कशाप का परिचय देते हुए दीप्ति बिंदल ने बताया कि शिक्षा नीति में नित नए परिवर्तनों को कैसे स्वीकार किया जाए, जिससे हमारा व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास हो सकें। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षकों को विद्यार्थियों को सम्मोहित करने के लिए उनके अवचेतन मन की जानकारी होनी चाहिए। उनके लिए सदैव सकारात्मक कमेंट्स करने चाहिए। विद्यार्थियों के कार्य की समीक्षा 'परंतु' जैसे शब्दों से न करके और जैसे शब्दों से करनी चाहिए। विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान सकारात्मक विचार रखना जरूरी होता है , जिससे उनके कार्यों में सुधार हो सकें। दीप्ति बिंदल ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को सकारात्मकता अपनाने के लिए ऊर्जा से भरपूर कई रोचक गतिविधियां कराई। शिक्षक-शिक्षिकाओ ने इस आयोजन भरपूर लुत्फ उठाया। वर्कशाप के उपरांत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वर्कशाप की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य मधु पी चौधरी ने बताया कि आयोजन उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह के वर्कशाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वर्कशाप की सफलता पर दीप्ति बिंदल को बधाई दी। इस वर्कशाप के आयोजन को लेकर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद कोटड़िया, पी आर ओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# जिले भर में भाजपा योग दिवस मनाएगी

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून को जिला भारतीय जनता पार्टी पूरे जिलेभर में योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। इस हेतु जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल ने आवश्यक जिम्मेदारियों का वितरण किया व पार्टी कार्यकर्ताओं से योग दिवस के आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने को कहा है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योग दिवस के सफल आयोजन के लिये जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुश्री आभा तिवारी को जिले की जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें प्रभारी बनाया गया है, इसी प्रकार आयोजन में समन्वय के लिये जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी की विज्ञप्ति में बताया गया कि सभी मंडलों को योग दिवस आयोजन करने संबंधी निर्देश जारी कर दिये गये है इसी प्रकार जिले में पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# जल जीवन मिशन ने आसान किया ग्राम माहुलझोपड़ी की महिलाओं का जीवन : ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल

- पानी के लिए कतार में लाइन लगाना, बोरिंग व कुंआ से पानी लाने से मिली मुक्ति
- 42 परिवारों को घर में टेप कनेक्शन से मिली पेयजल की सुविधा



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरगांव के आश्रित ग्राम माहुलझोपड़ी में कभी गांव की महिलाएं सिर पर रखकर मटका रखकर पानी भरने जाती थी, तो कभी पानी के लिए हैंडपंप के सामने लम्बी कतार लगाया करती थी। लेकिन स्थिति अब बिल्कुल बदल गई है। महिलाओं को अपनी इस परेशानी से मुक्ति मिली, शासन की लोककल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन से। जल जीवन मिशन से ग्रामीण महिलाओं का जीवन आसान हुआ, उन्हें राहत मिली और समय की बचत हुई है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के कुल 42 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। आज माहुलझोपड़ी की सभी महिलाएं खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें हैंडपंप तथा कुंए के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती। आज लगभग जिले के सभी ग्रामों में जल जीवन मिशन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है और इसके बारे में बताया जा रहा है।

सरपंच कुमान सिंह नेताम अपने पहले के अनुभवों को साझा करते हुए बताते है कि किस प्रकार गांव में पहले ग्रामीणों को पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। हैंडपंप व कुंआ पर निर्भर रहने के कारण समय बहुत समय लगता था। किन्तु जल जीवन मिशन से गांव के हर घर में टेप कनेक्शन मिलने से ग्रामीणों के समय की बचत हो रही है और वह सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसी प्रकार माहुलझोपड़ी के ग्रामीणों की दशा में सुधार हुआ है। वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 की निवासी श्रीमती देवकी बाई वर्मा तथा श्रीमती कौशल्या बाई बताती है कि उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, पानी के लिए लम्बी लाइन लगाना, बोरिंग एवं कुआं पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन अब जल जीवन मिशन के आने से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है। गांव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने की योजना से गांव का सूखा खत्म होने लगा है। जल जीवन मिशन योजना अब तेज गति से आगे बढ़ी है, जिससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।

## अनमोल दावा

**संशय से बाहर निकलकर कर्म को पहचानने वाला व्यक्ति ही सर्वश्रेष्ठ कहलाता है।**

## सम्पादकीय

### महिलाओं से दुष्कर्म मामले में येदियुरप्पा, मालविया, बृजभूषण पर मामले दर्ज किन्तु, भाजपा की महिला नेताएं मौन क्यों?

जे.डी.एस. के भूतपूर्व सांसद प्रजवल रेवंन्ना और उनके विधायक पिता एच.डी.रेवन्ना के बलात्कार की खबरे अभी तक सुर्खियों में हैं। इस सिलसिले में एक और कद्दावर नेता की अय्यासी की खबर चल रही है। ये नेता भी कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बी.एस.येदियुरप्पा हैं। येदियुरप्पा ने 17 वर्षीय कन्या के साथ 'काम' याने सेक्स करना चाहा, जिसे लेकर 'सेक्सुएल हरेसमेंट' बाबत प्रीवेन्शन आफ चाइल्ड फ्राम सेक्सुएल अफेन्स एक्ट (पाक्सो) अधीन के केस में गैरजमानती वारंट निकलने से हड़कम्प मचा है। येदियुरप्पा पहले भी भ्रष्टाचार के मामले में जेल की हवा खा चुके हैं। किन्तु, आजकल जेल जाना सामान्य बात हो गई है। लोगों की सेहत पर इससे कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता। भारत में राजनीतिज्ञों के सारे गुनाह क्षम्य होते हैं। राजनीतिज्ञों का राजनीतिक जीवन इसलिए लम्बा होता है क्योंकि जनता की याददाश्त बहुत छोटी होती है। येदियुरप्पा ने 17 वर्षीय कन्या के साथ दुष्कर्म किया है। येदियुरप्पा 80 वर्ष के हैं। अपनी पोती से भी कम उम्र के साथ उस पर दुष्कर्म का आरोप लगने से पूरा देश स्तब्ध है। येदियुरप्पा इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

येदियुरप्पा ने गत मार्च माह में एक महिला की 17 वर्षीय कन्या से छेड़खानी की है। जिसकी शिकायत 53 वर्षीय महिला ने की थी। उक्त महिला जब पुलिस थाने शिकायत दर्ज कराने गई थी, तब थानेदार का रवैया टालमटौल का था। किन्तु, मीडिया में उक्त मामला उछलने पर महिला की शिकायत के आधार पर बेंगलुरू के सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में येदियुरप्पा के विरूद्ध 'पाक्सो' व आई.पी.सी. की कलम 354 (अ) अधीन शारीरिक छेड़खानी का केस दर्ज किया गया था। कर्नाटक पुलिस स्टेशन के नगर निरीक्षक ने यह केस जांच करने सी.आई.डी. के सुपुर्द कर दिया था। दूसरी ओर, येदियुरप्पा अपने को दूध का घुला साबित करने एड़ीचोरी का जोर लगाते रहे।

येदियुरप्पा ने कहा था कि उन्होंने इस केस को पुलिस कमिश्नर को दिया था। इसके बावजुद, पुलिस कमिश्नर ने मेरे विरूद्ध मामला दर्ज किया है। वे तो उस महिला की समय-समय पर आर्थिक मदद करते रहे हैं। यह एफ.आई.आर. ही संदेहास्पद है। क्योंकि, यह प्रकरण चुनाव के पहले दर्ज हुआ है। जिसका उद्देश्य उसे बदनाम करना था।

पुलिस ने भी येदियुरप्पा की सीधी गिरफ्तारी न करके आवश्यक प्रक्रिया अपनायी थी। उसका वाइस सेम्पल लिया गया था। सी.आई.डी. ने पूछताछ के लिए अपनी आफिस में बुलवाया था। किन्तु, येदियुरप्पा अपनी व्यस्तता बताते हुवे हाजिर ही नहीं हुवे थे।

येदियुरप्पा के दुष्कर्म मामले से भारतीय जनता पार्टी ने अपने को अलग-थलग कर लिया था। जिससे विक्षुब्ध होकर येदियुरप्पा ने अपनी अलग से राजनीतिक पार्टी की रचना कर डाली थी। जिसके चलते 2013 के चुनाव में भाजपा निपट गई थी। कांग्रेस की सरकार बनते ही सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने थे। 2014 में नरेन्द्र मोदी को समझ में आ गया कि कर्नाटक में येदियुरप्पा के सहारे के बगैर उद्धार नहीं है। उन्होंने उसे वापस भाजपा में शामिल कर लिया। याने कि, कह सकते है कि भाजपा की वाशिंग मशीन में येदियुरप्पा के सारे पाप धूल गए थे।

भाजपा के न केवल येदियुरप्पा अपितु ब्रजभूषण शरण सिंह ने पहलवान कन्याओं के साथ छेड़खानी की थी। तब भी भाजपा चुप थी। दिलचस्प यह कि, ब्रजभूषण अभी भाजपा में है और उनका पुत्र सांसद बन गया है।

कुछ दिनों पहले भाजपा के नेता शांतनु सिन्हा ने भाजपा के आई.टी. सेल के अफसर अमित मालविया ने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को फाइव स्टार होटलों में बुलवाकर और भाजपा के कार्यालय में भी रंगरेलिया मनाने का आरोप लगाया था। भाजपा का नेतृत्व इस मामले में भी चुप है। भाजपा की अनेक महिला नेत्रियां भी भाजपा के नेतृत्व बाबत कुछ बोलने को तैयार नहीं है। एक 17 वर्षीय कन्या के साथ उन्हें कोई सहानुभूति नहीं है। क्योंकि, सभी भाजपा के दिग्गज नेता है। अगर ऐसे ही अप्रिय व अईच्छनीय विपक्ष का नेता कृत्य करता तो भाजपा के विरोध के सूर हंगामा मचा देते है।


# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

**ललित गर्ग**



विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।



भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं।

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-81: रानी कैकेई के मन में राजा दशरथ के प्रति नाराजगी के बीज बोए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मंथरा और रानी कैकेई में संवाद जारी है।

''यही तो आपकी कमजोरी है रानी। आप अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं हैं।भरत को राजा बनवाकर आप महाराज दशरथ के वचन का ही तो पालन करवा रही हैं। अतः यह आपका पुनीत कर्तव्य भी तो है।''

''वह वचन रहा होगा मंथरा, प्रतिज्ञा नहीं।''

''आप ही तो कहती हैं कि सूर्यवंशियों द्वारा दिया गया गया वचन भी प्रतिज्ञा ही होता है।

''चुप बिलकुल चुप मंथरा, बहुत बोलने लगी हो। चली जाओ यहां से बाहर और मेरे सामने कभी मत आना।''

मंथरा सुबक-सुबक कर रोने लगी।

उसने रोते हुए ब्रह्मास्त्र छोड़ा।

''मैं तो चली भी जाऊंगी रानी, लेकिन याद रखना मेरे बाद इस कक्ष में कोई दूसरा आने वाला नहीं है क्योंकि कुमार भरत और कुमार शत्रुघ्न यहां से बहुत दूर हैं। वहां से न जाने उन्हें यहां लौटने दिया जाएगा या नहीं और क्या महाराज दशरथ ने आपको कुमार राम के अभिषेक की स्वयं सूचना दी है?''

''नहीं मंथरा! निर्णय हो जाने के बाद तो मैं तुमसे ही सर्वप्रथम सुन रही हूं।''

''इसी से स्पष्ट है रानी कि महाराज ने यह निर्णय आपको दूर रखकर किया है और मैं तो यह दावा भी कर सकती हूं कि षडयंत्रपूर्वक भरत और शत्रुघ्न को महीनों पहले ही कैकेय नरेश के पास भेज दिया गया है, ताकि राम के अभिषेक के समय भरत की प्रभावी उपस्थिति के रूप में कोई कांटा उपस्थित न हो।'' मंथरा ने रानी कैकई के मन में विष घोलना जारी रखा।

कैकेई ने थोड़ा रुक कर विचार किया और कहा, ''अरे हां यह तो सच है कि महाराज ने मुझे अभी तक अभिषेक की तिथि और समय आदि के बारे में सूचित नहीं किया है। महाराज दावा तो यही करते हैं कि वे मुझे सबसे अधिक प्रेम करते हैं,फिर भरत और शत्रुघ्न ने के आने तक तो अभिषेक कार्यक्रम रोका जा सकता था।सारे नगर में उत्सव हो रहा है और मुझे सूचना से वंचित किया गया है।''


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -093

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीबी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 092 का हल**



## सू- दोकू क्र.093



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.092 का हल**



## सामयिक चर्चा

### कलयुग में सतयुग के दर्शन

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
उच्चतम न्यायालय ने
गंभीर अनियमितताओं के आरोपों से
घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा
नीट यूजी 2024 रद्द कर
इसे दोबारा आयोजित कराने की माँग वाली
एक याचिका पर
केन्द्र सरकार और एनटीए से कहा
यदि कोई गलती है तो स्वीकार करें।''
गजाधर! इस पर आप कुछ कहें?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी!
इस पर केन्द्र और एनटीए जो कहेंगे,
उसे तो - जज साहब 8 जुलाई को सुनेंगे
पर बानी! हम तो यही जानते हैं,
अपनी गलती को लोग कहां मानते हैं?
और बानी!
अगर अपनी गलती को
गलती मानने की भावना
लोगों में जगने लगे।
तो फिर हम, कलयुग में,
सतयुग के दर्शन करने लगे।''



**गिरीश बख्शी**

## (कंथली)

### दलदल में कमल खिलगे

हमर देश म चुनाव होय गजब दिन होगे राहे। अगोरा करत आंखी ह घलो पिरावत राहे। चऊक चौरहा म अऊ ठेला खोमचा म उहिच बात ल गोठियावत राहे। कोन बनही प्रधानमंत्री कहिके। तानी के ताना होवत राहे। कतको मन बाते बात के होड़ म, झगरा असन हो जाय। कतको मन ह एक दूसर ले सट्टा कस दाव घलो। कोई काहे, अब के बार चार सो पार, त कहु कहे अब के बार बोहाही धारे- धार। कहु काहे अच्छा दिन आही, मोदी ह भगाही। कोई काहे खटाखट देवईया, राहुल भईया। कहु हर तो केजरीवाल के गुन गात राहे। सबके बात ल सुन के महु कही परेव, कऊवा के काटे ले ढोर नई मरे, मोदी जी ह बनही चाहे कोई कही करे। केहे बर तो कहि देव फेर मन ह भुकुर-भुकुर करय। कहु हार जाही त, मोरो नाक ह नई रही जाही।

फेर हिम्मत करके केहेव हारेच जाही त का होही। चुनाव म हार-जीत तो लगे रथे। फेर सोचव जम्मो मिलके वोकर गोड़ ल तो खिंचत हे। पर मन म बिसवास राहे, मोदी हे त, सब मुमकिन हे, मोदी जी हर तो जीतत हे। अइसने सोचत- सोचत चार जून आगे। एती मोर धुक-धुकी बाढ़े रहय, के दिनभर घर ले नई निकलेव तब सांझकुन एक झन टुरा ह कहिथे। वा, मोदी ह तो जीतगे गा, फेर अपन पांव दमदम ले खड़े नई हो सकिस। देसर के सहारा लेके चलही। अऊ उही ह प्रधानमंत्री बनही। तब मेह लम्बा सांस लेके केहेव, अब बनिस। जतका दल एक होके पांव ल खिंचत रिहिस हे दल मन दलदल होगे। अऊ उहां ले के कमल खिलगे। सब मन मिलके एक मई होगे। अऊ छप्पन इंच के सीना वाले मोदी जी तसमई होगे। त... संगी हो नीयत बने रही त... नतीजा बने रही।

**होइहय वहीं जेला श्री राम चाही।**



**आनंद राम साहू**

## राशिफल

**मेष:** किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**वृषभ:** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। निकटस्थ संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मिथुन:** राजनीतिज्ञ क्षेत्र के व्यक्यिों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कर्क:** अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। नयी अभिलाषाएं मन में जागृत होगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास की नितान्त आवश्यकता है। नकारात्मक चिन्ताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

**कन्या:** आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**तुला:** भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें।

**वृश्चिक:** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

**धनु:** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर:** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में अत्यधिक ब्यय के योग है। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**कुंभ:** सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

**मीन:** रोजगार के क्षेत्र में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

# बलौदाबाजार की घटना सरकार की लचर कानून व्यवस्था का परिचायक है- दलेश्वर

## सरकार अपनी कमजोरी को दबाने के लिए कांग्रेस पार्टी के ऊपर आरोप लगा रही है - यशोदा वर्मा



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था और बलौदा बाजार घटीत घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़- छुईखदान-गंडई के आव्हान पर छत्तीसगढ़ में बैठी भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में बढ़ रही हिंसक एवं आपराधिक घटनाएं तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था व लचर शासन-प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन खैरागढ़ जिला मुख्यालय के अम्बेडकर चौक में किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद प्रभारी डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू, क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, मुढ़ीपार ब्लाक अध्यक्ष कोमल साहू सहित उपस्थित समस्त कांग्रेसीयों के उपस्थित में राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया।

विगत दिनों सतनाम समाज के पवित्र स्थान गिरौधपुरी के पास मानाकोनी गांव में बाघिन गुफा नामक स्थान पर स्थापित जैतखाम को असामाजिक तत्वों के द्वारा क्षति पहुंचाई थी। जिस पर पुलिस ने बिहार के तीन कामगारों को गिरफ्तार किया था। चूंकि समाज इसमें मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रही थी, परंतु प्रशासन के हाथ आरोपियों से दूर ही रहे, इस दौरान सोमवार 10 जून को समाज के द्वारा बलौदा बाजार जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया, जाना प्रस्तावित था। जहां यह धरना स्थल में असामाजिक तत्वों के द्वारा उग्र रूप ले लिया और देखते ही देखते कलेक्टर एसपी कार्यालय सहित शासकीय वाहनों पर आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। जो छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला और सबसे बड़ा घटना हुआ। इसमें दमकल, कार, बाइक सहित करीब 100 से अधिक गाड़ियों में भी आग लगा दिया गया। परिसर में आग फैल जाने से करोड़ों की संपत्ति तथा सरकारी दस्तावेज़ जलकर खाक हो गई। इस घटनाक्रम में सरकार दोषियों को ना पकड़कर सतनामी समाज के ही लोगों को बेवजह परेशान कर रही है तथा घटना के लिए कांग्रेस समर्थित नेताओ के ऊपर दोष मढ़ रही है।

इस जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के प्रभारी डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पवित्र स्थान गिरौधपुरी के पास प्रसिद्ध जैतखाम में तोड़ फोड़ किया गया है। जिसमें बिहार के तीन लोग को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जो लोग निर्दोष उसके उपर कार्यवाही की जा रही है और प्रशासन दोषियों को बचा रही है। सतनामी समाज ने जब इस घटना की जांच की मांग किया, तो प्रशासन ने जांच के नाम पर समाज के लोगो के ऊपर ही कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। जो की अनुसूचित है। पुलिस प्रशासन के द्वारा सामाजिक लोगों से दुर्व्यवहार किया रहा है।। प्रदेश में भाजपा की सरकार सतनामी समाज के ऊपर अत्याचार कर रही है।

खैरागढ़ विधायक यशोदा निलांबर वर्मा ने कहा कि सतनाम पंथ शांति प्रिय विचारधारा को मानने वाला समाज है,पर सरकार अपनी नाकामी शांतिप्रिय समाज को थोप रही है। सरकार अपनी कमजोरी को दबाने के लिए कांग्रेस पार्टी के ऊपर आरोप लगा रही है, जबकि यह सरासर गलत है। बलौदाबाजार में घटित घटना निंदनीय है हम चाहते है की सरकार घटना में जो निर्दोष है उनके ऊपर कार्रवाई ना करें बल्कि जो असली दोषी है उनके ऊपर त्वरित कार्रवाई करें। शांति प्रिय समाज को धरना का जरूरत सरकार के नाकामी के कारण पड़ा है।

इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, निलांबर वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाशदीप सिंह (गोल्डी), शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, छुईखदान ब्लाक रामकुमार पटेल, मुढ़ीपार ब्लाक अध्यक्ष कोमल साहू, सुनील कांत पांडे, निलेद्रं शर्मा, गुलाब चोपड़ा, पं.मिहीर झा, नपा.उपाध्यक्ष रज्जाक खान गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू, गैदलाल कुर्रे, दिलीप शर्मा नरेंद्र सेन, पूरन सारथी, यतेंद्र जीत सिंह, भरत चंद्राकर, रविन्द्र गहरवार, राजा सोलंकी, कोमल वर्मा, दीपक देवांगन, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, समीर कुरैशी, रतन सिंधी, राधे पटेल, सोनू डीमर, दयालू वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, सुहैल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने पंडरिया क्षेत्र के लिए पांच निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



खैरागढ़/पंडरिया (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर से कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए 5 निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर अब आठ हो गई है। क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अब आपातकालीन सुविधा 24 घंटे 7 दिन मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप और विधायक पुरन्दर मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज मुझे बहुत ही हर्ष का अनुभव हो रहा है। विधायक भावना बोहरा की पहल से अपने एक और वादे को पूरा करने का हमें अवसर मिला है। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौरी, पंडरिया, पांडातराई, दुल्लापुर एवं कुंडा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं आपातकालीन सेवा मिलेगी। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया जाएगा।

# प्रशासन ने चारागाह की भूमि पर जबरन डबरी निर्माण करने वालों को हड़काया

- o 3 दिन के भीतर भूमि समतलीकरण करने के निर्देश दिए अधिकारियों ने
- o ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध जताया और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा
- o मामला - ग्राम चैतुखपरी के शासकीय चारागाह की भूमि पर अतिक्रमण कर डबरी निर्माण का



डोंगरगढ़(दावा)। मनकी जलाशय के ठेकेदार से संबद्ध व्यक्तियों द्वारा ग्राम चैतुखपरी स्थित शासकीय चारागाह की भूमि पर जबरन डबरी निर्माण की कोशिश को ग्रामीणों के विरोध के बीच प्रशासन ने रोक लगा दी है। और अवैध रूप से 05 एकड़ चारागाह की भूमि पर डबरी निर्माण करने वाले व्यक्तियों को तीन दिन के भीतर जमीन के समतलीकरण करने का निर्देश दिया गया है।

शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर तालाब निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीणों ने पुलिस चौकी मोहरा का घेराव कर ज्ञापन दिया था और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि, ग्राम पंचायत चैतुखपरी में मनरेगा अंतर्गत चारागाह भूमि के विकास कार्य के तहत समतलीकरण का कार्य कराया गया था। इस हेतु शासन द्वारा वर्ष 2020-21 में 7,03,850 रुपए स्वीकृत किया गया था। जिसमें मजदूरों द्वारा भूमि लेबलिंग कार्य एवं शिपिटी गढ्ढा खोदाई का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

### शासकीय भूमि पर अवैध रूप से डबरी निर्माण

ज्ञापन में कहा गया है कि, पंचायत कार्य में बाधा डालते हुए पंचायत की बिना अनुमति के अवैध रूप से डबरी (तालाब) बनाने का कार्य अतिक्रमणकारी सरोज निषाद और ननकु निषाद द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में किया जा रहा था। अवैध निर्माण कार्य में जेसीबी, ट्रेक्टर का उपयोग किया गया है।

### ग्रामीणों को धमकाया गया अतिक्रमणकारियों द्वारा

अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण का विरोध करने वाले ग्रामीणों को अतिक्रमणकारियों द्वारा खुले आम धमकाया गया। पंचायत के जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से कहा गया की, यह जगह मनकी खार जलाशय का है। आप लोगो को जो शिकायत करना है वो कर लो। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### जांच में भूमि चैतुखपरी की निकली

ग्रामीणों के विरोध के बीच प्रशासन तत्काल प्रभाव से एक्टिव हुआ। अधिकारियों के निर्देश पर पटवारी की टीम ने मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि का नाप किया गया। जिसमें विवादित 05 एकड़ भूमि ग्राम चैतुखपरी की निकाली। जिसे कलेक्टर द्वारा चारागाह हेतु स्वीकृत किया गया था।

# मुख्यमंत्री ने छह माह में ही सर्व वर्ग के उत्थान में अभूतपूर्व विकास कार्य कर दिखाया- घम्मन साहू

- 0 जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष घम्मन ने कहा- सिर्फ 6 माह में प्रदेश सरकार ने मिसाल कायम की
- 0 कहा- हर वर्ग के लोगों को मिला रहा सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ



खैरागढ़ (दावा)। सिर्फ 6 माह में प्रदेश सरकार ने मिसाल कायम की है और हर वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, उक्त बातें जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कही, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अब तक के सिर्फ छह माह के कार्यकाल में ही सर्व वर्ग के उत्थान में अभूतपूर्व विकास कार्य सफलतापूर्वक करके दिखाया है जो कांग्रेस सरकार 5 साल में नहीं कर पाई थी, घम्मन साहू ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा विष्णु देव साय सरकार को विफल बताए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनकी सरकार ने महज छह माह में वो कर दिखाया, जिसकी कल्पना कांग्रेस के लोग कभी कर ही नहीं सकते थे और जनता हमारे मुख्यमंत्री तथा उनकी सरकार के कामकाज से बहुत प्रभावित भी है जिसका सबसे बड़ा सबूत लोकसभा चुनाव में भाजपा की 11 में से 10 सीट में बड़ी जीत है और पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की चारों तरफ वाहवाही हो रही है, जिसे कांग्रेस के बड़े नेता पचा नहीं पा रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने जारी बयान में कहा कि इतने कम समय में ही हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान में बेहतर काम किया है।

### साय सरकार हर वर्ग के हित में योजना लागू कर रही

जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हमारी साय सरकार हर वर्ग के हित में योजना लागू कर रही है और हमारी भाजपा सरकार के हर वर्ग के हित में नेक कदम अब जग जाहिर हो गये हैं और सिर्फ छह माह की ही अल्प अवधि में हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल ने ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए हैं कि कांग्रेस नेताओं के अभी से पेट में दर्द होने लगा है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार, देश के लगातार तीसरी बार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम जनता के हित में घोषणा की गई सभी गारंटी को पूरा करने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की महतारी वंदन योजना ने माता बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया है और साय सरकार बिना भेदभाव के और बगैर जात पात के भेदभाव के सभी महिलाओं के बैंक खातों में हर माह एक हजार रुपए की राशि डाल रही है और किसानों को भी समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध करा रही है और उनके धान की खरीदी घोषणा के अनुरूप की गई थी और उन्हें समय पर पूरी राशि का भुगतान भी कर दिया गया, क्योंकि हमारी भाजपा सरकार सर्व वर्ग को ध्यान में रखकर अनवरत श्रेष्ठ कार्य कर रही है।

# सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कलेक्टर की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित




- 0 कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड का किया गया वितरण
- 0 अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर सिकलसेल उन्मूलन प्रचार वाहन का किया

खैरागढ़ (दावा)। विश्व सिकलसेल दिवस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की उपस्थिति में आज दिलीप सिंह मंगल भवन में सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अपने संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस अभियान अंतर्गत सिकल सेल की बीमारी को जड़ से कैसे समाप्त कर सके। इसके लिए उन्होंने मिशन मोड 2026 रखा है, जिसके अंतर्गत मिशन मोड में वर्ष 2026 तक 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने कहा की यह अभियान हम सब की भी जवाबदारी होनी चाहिए कि सिकलसेल से संबंधित लक्षण होने पर समय रहते हुए कैसे स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सब को न केवल सिकलसेल अपितु जितने भी स्वास्थ्यगत बीमारियों के लक्षण है, जनजागरूकता अभियान चलाकर जन-जन तक पंहुचने की आवश्यकता है।। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 97 हजार 5 सौ 12 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें 3 हजार 7 सौ 44 पॉजिटिव पाये गये है। वर्तमान में जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायतों में अभियान चलाकर सिकलसेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्क्रीनिंग किए जा चुके विकासखण्ड छुईखदान अंतर्गत संचालित नचनियां माडापाकेट के बैगा परिवारो एवं खैरागढ़ विकासखण्ड के हितग्राहियों को सिकलसेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हे सिकल सेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। शिविर में पहुंचे समस्त अतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दिलीप सिंह मंगल भवन से सिकल सेल रथ रवाना किया गया। जो पूरे जिले भर में घुमकर प्रचार-प्रसार कर बिमारी के बारे में लोगों को जागरूक करेगी।

उक्त शिविर में कोमल जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़, घम्मन साहू जिला पंचायत सदस्य, विप्लव साहू जिला पंचायत सदस्य, निर्मला बाई वर्मा जिला पंचायत सदस्य, अजय जैन पार्षद खैरागढ़, राकेश गुप्ता सांसद प्रतिनिधि, भागवत शरण सिंह सांसद प्रतिनिधी, तोप सिंह जनपद सदस्य खैरागढ़, विनय देवांगन पार्षद, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एसी ट्राईबल कांतदेव शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. गणेश दास वैष्णव, डीपीएम सोनल ध्रुव, बीएमओ खैरागढ़ डॉ. विवेक बिसेन, डीडीएम खिलेश साहू, समस्त छात्रावास अधीक्षक, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी, मितानिन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शाम को आंधी, तूफान, गरज के साथ बरसे बदरीया



**खैरागढ़ (दावा)। उमस भरी गर्मी के बाद मंगलवार-बुधवार को दो दिनों से झुमकर बरस रही बदरीया, फिर भी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आ रहे हैं। सुबह से शाम तक उमस भरी गर्मी और शाम होते ही आंधी, तूफान, गरज और काले धनघोर बादल के साथ झुमकर बरस रही है बदरीया फिर भी रहत नहीं।**

# भीषण गर्मी का कहर, दोगुने हुए सब्जियों के दाम, बढ़ गया किचन का बजट



खैरागढ़ (दावा)। शहर सहित जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी की मार अब फल-सब्जियों की कीमतों पर भी दिख रही है। इस कारण पिछले एक हफ्ते में कई सब्जियों के दाम करीब-करीब डबल हो गए हैं। व्यापारी रामचंद्र वर्मा ग्राम संडी वाले का कहना है कि, गर्मी के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है। जो उपज रहा है, वह खेतों से मंडियों में नहीं पहुंच रही हैं। बढ़ते तापमान के कारण अधिकांश खेतों में सब्जियों की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे आवक प्रभावित हुई है व्यापारियों के अनुसार आलू, प्याज या टमाटर के दाम भी अब दोगुने हो गए हैं। टमाटर के दाम आसमान छूने लगे 60-70 रुपए प्रति किलो बिका रहा है, वहीं, अन्य सब्जियां भी महंगी हो गई हैं। इस बार मानसून का भी कुछ खास प्रभाव अभी तक नहीं दिख रहा है। इस वजह से सब्जियों का उत्पादन व उसकी आवक भी बाजार में कम हो गई है। खैरागढ़ में रोजाना जितनी सब्जियां मंगाई जा रही हैं, लेकिन अब जून के अंत तक बारिश नहीं होने से उसका भी संकट मंडराने लगा है। मानसून आने के बाद भी सब्जियों के दाम कम होने के आसार नहीं है। यानी लोगों को हरी सब्जियां महंगी कीमत पर ही खरीदनी पड़ेंगी। जिसके कारण किचन का बजट बढ़ गया है।

# दिव्यांगजनों के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक शिविरों का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण, विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के सफल संचालन के लिए परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती सुखमा चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी एवं बीके बघेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए श्रीमती मीना चंद्रवंशी, श्रीमती कंचनकला मेश्राम, निखिल साहू की ड्यूटी लगाई गई है।

जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 29 जून तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 3 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 10 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगोंदी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 20 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबहादुर नगर, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 24 जुलाई को 24 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया तथा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 31 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री द्वारा लिया गया फैसला आमजन भावना के अनुरूप- भंडारी



- o पुलिस विभाग में शुद्ध हिंदी भाषा लागू होने से आम जनता को पुलिस की भाषा समझने में सुविधा मिलेंगी

डोंगरगढ़(दावा)। विवेक मोनू भंडारी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के पुलिस की भाषा मे बड़े बदलाव को आमजन की भावना के अनुरूप व साहसिक फैसला बताया। पुलिस विभाग द्वारा लबे समय से प्रदेश की बहुताय प्रचलित हिंदी भाषा का प्रयोग न करके विभागीय कार्यो में उर्दू और फ़ारसी भाषा के कठिन शब्दों का प्रयोग किया जाता रहा है जो कि आमजनता की समझ से परे होते है। जिसे समझना आम जनमानस के लिए बहुत कठिन होता था,लगातार देखने मे आता रहा कि विभागीय कार्यो में पुलिस आम जनता से क्या कहना चाह रही है यह आमजनता या पीड़ित पक्ष को समझना बहुत कठिन होता था।पुलिस की उर्दू और फ़ारसी भाषा को बदलने की बात आज तक छत्तीसगढ़ में किसी ने नही सोची भाषा से होने वाली समस्या की ओर ध्यान देकर उसे सामान्य बोलचाल की सरल हिंदी भाषा मे बदलने से आम जनता को होने वाली समस्या से तो छुटकारा मिलेगा ही साथ ही साथ चर्चा के दौरान हिंदी के प्रयोग से आम जनता को बहुत से बाते आसानी से समझ भी आ सकेगी।

### शुद्ध हिंदी भाषा लागू करने अधिकारियों को लिखा पत्र

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली में उर्दू फ़ारसी शब्दो को हटाकर इनकी जगह सरल हिंदी शब्द जोड़ने के लिए राज्य के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है की, छत्तीसगढ़ पुलिस विभागीय लिखा पढ़ी और सामान्य बोलचाल में उर्दू और फ़ारसी शब्दो की जगह सरल हिंदी का प्रयोग करे ताकि आमजनता या पीड़ित को पुलिस की कार्यप्रणाली अच्छे से समझ आ पाए जिससे उन्हें अपने हित अहित का फैसला लेने में आसानी हो और आमजनता पीड़ित किसी प्रकार के असमंजस में न पड़े।

# पहला कॉलम...

## अमेजन को लगा 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगा

न्यूयॉर्क। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। कैलिफोर्निया के इंडस्ट्रियल रिलेशंस डिपार्टमेंट ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने कर्मचारियों को काम के कोटा के बारे में लिखित सूचना नहीं दी। वेयर हाउस कोटा कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है। बयान के अनुसार, नियोक्ता ने तर्क दिया कि उन्हें कोटा प्रणाली की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करते हैं। कानून के अनुसार वेयरहाउस नियोक्ताओं को कर्मचारियों को प्रति घंटे किए जाने वाले कार्यों की संख्या और कोटा पूरा न करने पर होने वाली किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी देनी होती है। श्रम आयुक्त लिलिया गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अमेज़ॅन इन दो गोदामों में जिस सहकर्मी से सहकर्मी प्रणाली का उपयोग कर रहा था, वह ठीक उसी तरह की प्रणाली है, जिसे रोकने के लिए वेयर हाउस कोटा कानून बनाया गया था। गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अघोषित कोटा कर्मचारियों पर तेजी से काम करने का दबाव बढ़ाता है और कर्मचारियों को ब्रेक छोड़ने के लिए मजबूर करके चोट लगने की दर और अन्य उल्लंघनों को बढ़ा सकता है।

## पाकिस्तान में वरिष्ठ पत्रकार की हत्या

पेशावर। पाकिस्तान में पत्रकार बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। ताजा मामला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का है, जहां एक वरिष्ठ पत्रकार की उनके ही आवास के पास कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। खलील जिब्रान एक निजी समाचार चैनल खैबर न्यूज के पत्रकार थे और उन्हें कुछ मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मंगलवार को निशाना बनाया। दरअसल, वह खैबर जिले के लांडी कोटल कस्बे में अपने दोस्त के साथ अपने घर की ओर जा रहे थे उसी दौरान उन पर गोलियों से हमला हुआ।

पुलिस के मुताबिक, पत्रकार की कार में खराबी आ गई थी, तभी बंदूकधारियों ने उसे घेर लिया और उसे गाड़ी से बाहर निकाला और उस पर गोलियां चला दीं। अधिकारी ने बताया कि हमले में जिब्रान की मौके पर ही मौत हो गई। कार में खलील के अलावा जो लैंडी कोटल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष और उनके वकील मित्र भी थे जो घायल हो गए। अपराधी मौके से फरार हो गए है।

## शेयर बाजार, सेंसेक्स 106 अंक उछला

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का दौर जारी है। बुधवार को मुख्य सूचकांक रिकॉर्ड हाई पर खुले। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश- 77,581 अंक और 23,630 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9-20 बजे तक, सेंसेक्स 106 अंक या 0.14 प्रतिशत उछलकर 77,448 अंक पर और निफ्टी 26 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 23,595 अंक पर था। बाजार में बैंकिंग शेयरों में तेजी देखी जा रही है। बैंक निफ्टी 343 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 50,776 अंक पर था। लार्जकैप और स्मॉलकैप की अपेक्षा मिडकैप शेयरों में सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 31 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,458 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 21 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 18,260 अंक पर है।

## भीषण गर्मी, अब तक 550 हज यात्रियों की गई जान

नई दिल्ली। साल 2024 में पड़ रही गर्मी लोगों के लिए बुरी याद बनती जा रही है। न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में भीषण गर्मी पड़ रही है और जानलेवा बन रही है। भारत में जहां हीटवेव से लोग दम तोड़ रहे हैं, वहीं हज यात्रियों के लिए भी गर्मी किसी बुरे सपने से कम नहीं है। इस साल करीब 550 हज यात्रियों की मौत हुई है और इसका कारण गर्मी, हीटवेव, हीटस्ट्रोक और गर्मी के कारण होने वाली बीमारियां हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि मक्का की सबसे बड़ी मोर्चरी अल-मुआइसेम 500 से ज्यादा हज यात्रियों के शव हैं। सऊदी राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के रिकॉर्ड के मुताबिक, सोमवार को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस (125 फारेनहाइट) तक पहुंच गया। वहीं रिपोर्ट में बताए गए मरने वालों से जुड़े आंकड़े गर्मी की भयावह स्थिति उजागर रहे हैं, जिनसे अंदाजा लगा सकते हैं कि भारत ही नहीं पूरी दुनिया गर्मी से जूझ रही। माउंट अराफात पर हुई प्रार्थनाओं सहित कई हज अनुष्ठानों के कारण दिन के समय घंटों हज यात्रियों को बाहर रहना पड़ता है, जिस कारण गर्मी से बचना संभव नहीं हो रहा। मरने वाले 550 हज यात्रियों में 323 मिस्र के नागरिक थे। 60 जॉर्डनवासी भी मारे गए हैं। इंडोनेशिया, ईरान और सेनेगल के यात्री भी मृतकों में शामिल हैं। अधिकांश देशों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कितनी मौतें गर्मी से संबंधित थीं।

# दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका को 18 रन से हराया






नॉर्थ साउंड, 19 जून (वार्ता) क्विंटन डिकॉक(74) और कप्तान एडन मारक्रम (46) रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ, ग्रुप दो के मुकाबले में अमेरिका को 18 रनों से हरा दिया है।

195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर और ऐंड्रियस गौस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। चौथे ओवर में स्टीवन टेलर 14 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद अमेरिका ने लगातार अंतराल पर अपने चार और विकेट खो दिये। नितीश कुमार (8), कप्तान ऐरन जोंस (शून्य), कोरी एंडरसन (12) और शयन जहांगीर (3) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे समय में ऐंड्रियस गौस और हरमीत सिंह ने छठे विकेट के लिये मजबूत साझेदारी करते हुए न केवल पारी को संभाला रन भी तेजी के साथ बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिये रिकार्ड 91 रन जोड़े। जीत की ओर बढ़ रही अमेरिका को 19वें ओवर में रबाड़ा ने हरमीत सिंह को आउट कर बड़ा झटका दिया। हरमीत सिंह ने 22 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 38 रन बनाये। ऐंड्रियस गौस 47 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाये। जसदीप सिंह दो रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 18 रनों से हार गई।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिये। केशव महाराज, एनरिक नोर्त्जे और तबरेज शम्सी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में अमेरिका के कप्तान ऐरन जोंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डिकॉक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 110 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरमीत सिंह ने क्विंटन डिकॉक (74) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। क्विंटन डिकॉक ने अपनी पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये। इसके बाद हरमीत ने अगली ही गेंद पर डेविड मिलर (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में सौरभ नेत्रवलकर ने एडन मारक्रम (46) को आउट किया। मारक्रम ने अपनी पारी में पांच चौके एक और छक्का लगाया। हाइनरिक क्लासन (36) और ट्रिस्टन स्टब्स (20) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 194 रन का स्कोर खड़ा किया।

अमेरिका की ओर से सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह ने दो-दो विकेट लिये।

## मार्कस स्टोइनिस का छलका दर्द, सबसे अहम मैच में टीम से थे बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने आखिरकार अपने दिल का दर्द बयां किया हैं। स्टोइनिस ने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 से बाहर होने पर वो काफी दुखे थे। हालांकि, कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड से बातचीत करने के कारण वो इस दुख से उबर पाए थे।



बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में विशेषज्ञ ऑलराउंडर के बजाय अतिरिक्त बल्लेबाज को चुनना सही समझा था। यही वजह थी कि मार्कस स्टोइनिस की जगह मार्नस लाबुशेन को अंतिम एकादश में मौका दिया गया था। लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया और नाबाद 58 रन की मैच विजयी पारी खेली। लाबुशेन ने शतकवीर ट्रेविस हेड के साथ 192 रन की मैच विनिंग साझेदारी की थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। बहरहाल, मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे स्टोइनिस ने द अनप्लेबल पोडकास्ट में बातचीत करते हुए अपने दिल का दर्द बयां किया। स्टोइनिस ने कहा, जिस तरह की पिच थी, उसमें से मेरे और लाबुशेन के बीच किसी एक को जगह मिलनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मुझे बहुत दुख हुआ। रोन के साथ मेरा रिश्ता बहुत मजबूत है। मैं लंबे समय से उन्हें जानता हूं और उनका व्यवहार मेरे साथ बहुत अच्छा है। मगर उनकी तरफ से यह बात सामने आई।

वो मेरे साथ काफी ईमानदार हैं और मैं भी उनके साथ ईमानदार हूं। स्टोइनिस ने याद किया कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल की पिच ने ज्यादातर समय अच्छा बर्ताव दिखाया, लेकिन शुरुआत में यह अच्छी नहीं लग रही थी। स्टोइनिस ने कहा, हम सभी ने मैच से पहले पिच देखी थी और यह हैरानीभरी लगी।

## केन विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी, केंद्रीय अनुबंध भी ठुकराया

नईदिल्ली। टी-20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में सफेद गेंद की क्रिकेट में कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और इसी के साथ केंद्रीय अनुबंध भी ठुकरा दिया है।विलियमसन टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं। हालांकि, वह तीनों प्रारूप खेलते हुए नजर आएंगे।



न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि विलियमसन अगले 8 टेस्ट मुकाबले खेलते नजर आएंगे। ये सभी मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे।इसके अलावा वह पाकिस्तान की सरजमीं पर अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी न्यूजीलैंड के लिए बतौर बल्लेबाज खेलते नजर आ सकते हैं।केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को घरेलू टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहना होगा, विलियमसन ऐसा नहीं चाहते।

विलियमसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तान हैं। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी की है।उन्होंने 75 मैच में कप्तानी की और 39 मुकाबलों में न्यूजीलैंड को जीत और 34 मैच में हार का सामना करना पड़ा। 2 मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया।उन्होंने इन 75 मुकाबलों में 33.64 की औसत और 122.95 की स्ट्राइक रेट से 2,153 रन बनाए। उनके बल्ले से 16 अर्धशतक निकले।

वनडे क्रिकेट में विलियमसन न्यूजीलैंड के दूसरे सबसे सफल कप्तान हैं। पहले स्थान पर स्टीफन फ्लेमिंग (218) हैं।विलियमसन ने 91 मैच में कप्तानी की है। 46 मैच में टीम को जीत और 40 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा और 4 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।इन 91 मैचों में इस खिलाड़ी ने 51.35 की औसत से 4,057 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 शतक और 28 अर्धशतक निकले हैं।

## स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास,वनडे क्रिकेट में लगातार दो शतक बनाया

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज हो रही है। टीम इंडिया पहला वनडे मैच जीत चुकी है। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। इस मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच में भारत के लिए स्मृति मंधाना ने शतक लगाया और खास रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने मिताली राज की भी बराबरी कर ली है।



साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में स्मृति मंधाना ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने पारी की शुरुआत से ही दमदार बैटिंग का नमूना पेश किया। मंधाना ने 103 गेंदों में 100 रन पूरे कर किए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। वह शानदार फॉर्म में चल रही हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने 117 रनों की पारी खेली थी। वह वनडे क्रिकेट में लगातार दो शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला प्लेयर बनी हैं। उनसे पहले कोई भी भारतीय महिला प्लेयर वनडे क्रिकेट में लगातार दो शतक नहीं लगा पाई थी। स्मृति मंधाना के वनडे करियर का ये कुल 7वां शतक है। इसी के साथ उन्होंने मिताली राज की बराबरी कर ली है।

## बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में भूस्खलन, नौ की मौत



रॉयटर्स, ढाका। दक्षिणी बांग्लादेश में भारी मानसूनी बारिश के कारण शरणार्थी शिविरों में भूस्खलन होने से आठ रोहिंग्या मुसलमानों सहित कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। बांग्लादेश सरकार के शरणार्थियों के प्रभारी वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद शम्सुद दौजा ने बताया कि मानसून के मौसम के शुरू होने के बाद कई दिनों तक हुई भारी बारिश के बाद बुधवार तड़के तीन अलग-अलग स्थानों पर भूस्खलन में लोगों की मौत हो गई।

2017 में पड़ोसी देश म्यांमार में सैन्य कार्रवाई के बाद भागकर आए दस लाख से अधिक रोहिंग्या लोग दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी बस्ती, कॉक्स बाजार के सीमावर्ती जिले में स्थित शिविरों में रह रहे हैं।

बांग्लादेश के मौसम विभाग ने कहा कि अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश जारी रहने की उम्मीद है। रोहिंग्या शरणार्थी ज्यादातर बांस और प्लास्टिक की चादरों से बनी झोंपड़ियों में रहते हैं, जो अक्सर खड़ी पहाड़ियों पर होती हैं।

## पाकिस्तान में अचानक कांपी धरती

पीटीआई, इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राजधानी इस्लामाबाद समेत पाकिस्तान के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में भूकंप का केंद्र और 98 किलोमीटर की गहराई पर भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी, पेशावर, स्वात, मलकंद, उत्तरी वजीरिस्तान, पाराचिनार, लोअर दीर, हंगू, चरसद्दा और स्वाबी समेत कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर भूकंप आते रहते हैं क्योंकि यह देश भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों की सीमा पर स्थित है। दक्षिण एशिया के बड़े हिस्से भूकंपीय रूप से सक्रिय हैं क्योंकि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट उत्तर की ओर यूरेशियन प्लेट में घुसती है। इस महीने की शुरुआत में, कराची के कुछ हिस्सों में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। 2 मई को, 2.3 तीव्रता वाले भूकंप ने गदप टाउन, कटोहर और मलीर जिले के आस-पास के इलाकों सहित महानगर के कुछ हिस्सों को हिला दिया। 13 मार्च को, 5.3 तीव्रता के भूकंप ने पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों को हिला दिया। बता दें कि साल 2005 में पाकिस्तान में एक घातक भूकंप आया था, जब 7.4 तीव्रता के भूकंप ने 74,000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी।

## प्रथम पेज का शेष ....

***0 मोदी सरकार ने 14 फसलों पर बढ़ाया एमएसपी...***

444 रुपए बढ़ाकर 4290 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। मक्का का एमएसपी 135 रुपए बढ़ाकर 2225 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

अरहर के एमएसपी में 550 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका एमएसपी 7550 रुपए प्रति क्विंटल होगा। मूंग का एसपी 124 रुपए बढ़कर 8682 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द का एमएसपी 450 रुपए की वृद्धि के साथ 7400 रुपए प्रति क्विंटल होगा।

मूंगफली का एमएसपी 406 रुपए बढ़कर 6783 रुपए, सूरजमुखी का 520 रुपए बढ़कर 7280 रुपए, तिल का 632 बढ़कर 9267 रुपए और काला तिल का 983 रुपए बढ़कर 8717 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

कपास - मध्यम का न्यूनतम समर्थन मूल्य 501 रुपए बढ़कर अब 7121 प्रति क्विंटल होगा। सरकार की ओर से 2 लाख गोदाम बनाने का काम किया जा रहा है।

***0 वाराणसी हवाई अड्डे के विकास को मोदी मंत्रिमंडल...***

विरासत की झलक पेश करेगा। प्रस्ताव में रनवे का 4075 मीटर गुणा 45 मीटर तक विस्तार करना और 20 विमानों को पार्क करने के लिए एक नया एप्रन बनाना शामिल है। वाराणसी हवाई अड्डे को हरित हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य ऊर्जा अनुकूलन, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, कार्बन फुटप्रिंट में कमी, सौर ऊर्जा उपयोग और प्राकृतिक प्रकाश को शामिल करने के साथ-साथ योजना, विकास और परिचालन के दौरान अन्य स्थायी उपायों के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना है।

**0 भीषण गर्मी के कारण देश में लगातार बढ़ रहा मौत का आंकड़ा ...**

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश हो रही है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, 1 से 18 जून के बीच देश में 64.5 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो 80.6 मिमी की अवधि के औसत से 20 प्रतिशत कम है। जून से सितंबर तक मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज 868.6 मिलीमीटर है।

***0 साय सरकार का बड़ा फैसला : आरटीई के ....***

संरक्षण का कार्य करेंगे। स्कूल में अगर कोई दिक्कत होगी तो मेंटरों का काम होगा कि, वे स्कूलों के साथ कोआर्डिनेट करें। वे बच्चों से सतत संपर्क में रहेंगे कि उन्हें स्कूलों में कोई मानसिक परेशानी का सामना तो नही करन पड़ रहा है। ड्रॉप आउट लेने वाले बच्चों की भी वे निगरानी करेंगे और पता लगाएंगे कि किन परिस्थितियों में बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं।

## कोच द्रविड़ ने कर दिया बड़ा ऐलान, अफगानिस्तान के खिलाफ प्लेइंग 11 में होगा ये बड़ा बदलाव



नई दिल्ली। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को संकेत दिया कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ मैच के लिए अंतिम एकादश में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है क्योंकि वहां की परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल लग रही हैं. भारत ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया था क्योंकि वहां की ड्रॉप-इन पिचों में असमान उछाल था जिससे तेज गेंदबाजों को मदद मिली.

''किसी को भी बाहर रखना मुश्किल है. न्यूयॉर्क में तेज गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी अलग थीं. हमें यहां (बारबाडोस में) कुछ अलग करने की जरूरत हो सकती है. युजी (युजवेंद्र चहल) या कुलदीप (यादव) का इस्तेमाल यहां किया जा सकता है. उन्होंने कहा, ''हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास हरफनमौला खिलाड़ी हैं. हमारे पास आठ बल्लेबाज थे, लेकिन हमारे पास सात गेंदबाजी विकल्प भी थे. द्रविड़ ने यह भी कहा कि भारत अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला रहेगा और परिस्थितियों के अनुसार इसमें बदलाव करेगा.

उन्होंने कहा, ''हर स्थिति अलग होती है. इसे पत्थर की लकीर नहीं बनाया जा सकता. मैं लचीलेपन में विश्वास करता हूं. पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हमने अक्षर (पटेल) को ऊपर भेजा. ऋषभ (पंत) को ऊपर (तीसरे नंबर पर) उतारा, इसमें काफी सोच-विचार किया गया. मुझे नहीं लगता कि टेस्ट (क्रिकेट) में हमारे पास यह लचीलापन होगा. टी20 में आप बल्लेबाजी में ज्यादा लचीलापन देखते हो. द्रविड़ ने कहा कि सुपर आठ चरण के लिए वेस्टइंडीज आकर अच्छा महसूस हो रहा है.

उन्होंने कहा, ''कैरेबियाई सरजमीं पर आकर क्रिकेट खेलना अच्छा है. कुछ अभ्यास सत्र किये. हम तैयार हैं. अफगानिस्तान एक बहुत ही खतरनाक टीम है. उनके खिलाड़ी हमारे खिलाड़ियों की तुलना में लीग में अधिक खेलते हैं. वे ऐसी टीम नहीं हैं जिसे हल्के में लिया जा सके. वे सुपर आठ के हकदार हैं.

## कोहली का बल्ला कब बोलेगा हल्ला, मैथ्यू हेडन ने कर दी सुपर-8 के लिए बड़ी भविष्यवाणी



नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे. इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं. हेडन ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा, ''कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं. कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा. सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है. ''

उन्होंने कहा, ''विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया. हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है. हेडन चाहते हैं कि सुपर आठ चरण में कोहली भारत के लिए पारी का आगाज करें. उन्होंने कहा, ''आईपीएल के दौरान मैंने कहा था कि कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए. मुझे नहीं लगता कि तीसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पायेगा. इन विकेट पर आप आते ही 250 रन नहीं बना सकते. आपको सोचकर खेलने वाले क्रिकेटर की जरूरत है.

हेडन ने कहा, ''कोहली को कैरेबियाई पिचों पर चुनौती का सामना करना पड़ेगा. वह आपको दिखायेंगे कि भारतीय चयनकर्ताओं ने उन पर भरोसा क्यों किया है. हेडन ने कहा कि कोहली को अपने स्ट्राइक रेट को ध्यान में रखना चाहिए. उन्होंने कहा, ''उन्हें शानदार स्ट्राइक भी जारी रखने की जरूरत है. विश्व कप में हमने देखा कि अगर आप पिछड़ गये तो वापसी करना मुश्किल होता है तो आपको पहले 10 ओवर में अच्छा रहना होगा.

भारत के पूर्व बल्लेबाज के श्रीकांत ने भी हेडन की तरह कहा, ''विराट 'किंग ऑफ किंग्स है. हम कल अफगानिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं. और मुझे नहीं लगता कि हमें चिंता करनी चाहिए. वह एक बार फिर रन बनायेगा. भारत के लिए मैच जीतेगा. बस उसे अकेला छोड़ दो.

# आकाशीय बिजली गिरने से एक युवती की मौत, चार घायल

**कांकेर (दावा)। जिले के नरहरपुर थाना अंतर्गत थानाबोडी में आकाशीय बिजली गिरने से 21 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार ग्रामीण घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में इलाज जारी है।**



मोबाइल भी फटा, पेड़ के नीचे खड़े थे सभी

गौरतलब है कि आज सुबह नरहरपुर क्षेत्र में गरज चकम के साथ तेज बारिश हो रही थी। घर के बाड़ी में काम कर रहे गीतेश्वर कुंजाम 20 वर्ष, नरेश कुंजाम 26 वर्ष, रमाकांत सिन्हा 32 वर्ष, यगुवेन्द्र टेमरे 18 वर्ष और तमेश्वरी सिन्हा 21 वर्षीय हृदय राम के घर के बॉड़ी में काम कर रहे थे बारिश से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेकर सभी अपना मोबाइल इस्तेमाल कर रहे थे इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल वही फट गया। वहीं इस घटना में तमेश्वरी सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए।

### 0 बारिश में आकाशीय बिजली से कैसे बचें

बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली अक्सर जानलेवा साबित होती है, खेतों में काम करने वाले, पेड़ों के नीचे पनाह लेने वाले, तालाब में नहाते समय आकाशीय बिजली गिरने से इसकी चपेट में आने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए बारिश के समय इन जगहों से दूर पर रहने की सलाह दी जाती है। जब आप घर के भीतर हों तो बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें, तार वाले टेलीफोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। खिड़कियां और दरवाजे बंद कर रखें, बरामदे और छत से दूरी बनाकर रहे, ऐसी वस्तुएं जो बिजली के सुचालक हैं, उनसे भी दूर रहें, धातु से बने पाइप, नल, फव्वारा, वाश बेसिन आदि से दूर रहें, खेतों, पेड़ों, तालाब से भी दूरी बनाकर रखें।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना छुईखदान के अंतर्गत, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। कार्यकर्ता के एक पद के लिए केन्द्र कोहलाटोला में और सहायिका के चौबीस पदों के लिए सिलपट्टी, गडबंजा, रामपुरनवागांव, मानपुर नाकापारा, रेंगाखार, गोंगले, भाजीडोंगरी, सरईपतेरा, बेंगरी, मानपुर पहाडी, भंडारपुर, जुझारा, जीराटोला, कुकरीटोला, भेण्ड्रा, झिरिया, डुमरडीह, चोरलाडीह, बेंदरी, तेंदूभाठा, गर्रा, गंडई वार्ड नंबर 02 और गंडई वार्ड नंबर 05 में हैं। इन पदों के लिए आवेदन 19 जून से 3 जुलाई तक किए जा सकते हैं। आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि के बाद के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर की खुदकुशी



कांकेर(दावा)। कांकेर जिले में एक प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत हो गया। प्रेमिका की एक दिन पहले सगाई हुई थी। प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली, संग जीने व मरने की कसम खाने वाले प्रेमी जोड़े ने एक दूसरे की जुदाई बर्दाश्त ना कर पाने के चलते मर जाना ही अंतिम रास्ता चुना। आत्महत्या के बाद पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**लड़की की एक दिन पहले हुई थी सगाई, खेत में एक-दूसरे से लिपटी मिली लाशें**

दरअसल, यह मामला कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम गुड़ाबेड़ा का है।

जानकारी के अनुसार जहां युवती की सगाई कहीं और हो गई, इस बात से परेशान दोनों ने जहर पी लिया। युवती शांति दर्रो 20 वर्ष का प्रेम संबंध पहले से ही एक ही मोहल्ले में रहने वाले युवक सोनू कोमरा 20 वर्ष के साथ था। ये दोनों गुड़ाबेड़ा के पटेलपारा के रहने वाले थे। शांति दर्रो जिसका ग्राम गुड़ाबेड़ा के ही सोनू कोमरा से एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# मजूदरी करने गई युवती की लू लगने से मौत



बिलासपुर (दावा)। जिले का तापमान भले ही कम हो गया है, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है, लोग अभी भी लू की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं। वहीं छोटी सी लापरवाही उनकी जान ले रही है। गर्मी की छुट्टी में युवती अपने मजदूर माता-पिता की मदद करने मजदूरी पर गई, इस दौरान वह लू की चपेट में आ गई। सिम्स में इलाज के दौरान कुछ घंटों में ही युवती की मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन क्षेत्र के धुरीपारा निवासी कविता भार्गव पिता लैनदास भार्गव (20 वर्ष) 12वीं की परीक्षा पास की थी, उसके माता-पिता मजदूरी का काम करते हैं। गर्मी की छुट्टी चलने के कारण युवती ने अपने माता-पिता की मदद करना तय किया, वहीं उनके साथ मजदूरी पर जाने लगी, 15 जून को माता-पिता के साथ युवती दिनभर मजदूरी करती रही।

युवती की मौत के बाद पूरा परिवार बिखर गया। घर में वह सबकी लाडली थी, पढ़ाई कर युवती सरकारी नौकरी करना चाहती थी, ताकि उसके मजदूर माता-पिता का सहारा बन सके। परिवार वालों ने उसे मजदूरी करने से मना भी किया, लेकिन माता-पिता की मदद करने वह मजदूरी करने लगी थी।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मौत दो गंभीर रूप से घायल

जांजगीर चांपा (दावा)। जांजगीर जिले के ग्राम मेहंदी गांव में तेज रफ्तार सवारी बस ने दो बाइक को जोरदार ठोकर मारी है। हादसे में पति पत्नी और एक युवक की मौत हुई है वही दो लोग गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम पहुंची हुई है। मृतक के स्वजन मुआवजे कि मांग को लेकर शव को सड़क में रखकर चक्का जाम कर रहे है। जिससे बिलासपुर रायगढ़ मुख्य मार्ग बाधित हुआ है। पुलिस टीम तैनात है तनाव की स्थिति निर्मित है।

बस की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत, बस से टकराई दो बाइक, पति-पत्नी और 1 अन्य युवक की मौत। आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम किया, मौके पर पुलिस बल मौजूद, शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर लगा जाम, मेंहदी गांव में हुआ हादसा। शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर हुआ हादसा लगा जाम गांव मेंहदी के पास पहुंचा था बस यही दो बाइक को लिया चपेट में। टक्कर मार वाहन चालक फरार होगया। दर्दनाक हादसे के तस्वीरें चौंका देंने वाली है।

# बाइक सवार तीनों से लूटपाट, एक शख्स की मौत



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के भाटापारा में एक वारदात सामने आई है, जिसमें बाइक सवार लोगों से लूटपाट हुई है।

भाटापारा-शिवनाथ नदी सेमरियाघट रोड ग्राम अमलडीहा मारो चौकी क्षेत्र की घटना बताई जा रही है। मुंगेली निवासी तीन लोग अपने बाईक पर धान बेचने भाटापारा कृषि उपज मंडी आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात लोगों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए चाकू से ताबड़तोड़ पेट में वार कर एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी। लगभग आठ हजार रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया है।

आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। भाटापारा ग्रामीण पुलिस एवं ग्राम मारो चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# सफाई कर्मचारियों के ठेके में ठेकेदार हो रहे लाल

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों से काम लेने वाले ठेकेदार लाल हो रहे हैं। निगम प्रशासन प्रति कर्मचारियों के एवज में 500 रूपये तो देता है लेकिन ठेकेदार सिर्फ और सिर्फ 250 रूपये ही भुगतान करता है। इस तरह अपनी कमाई को दिन दूरी और रात चौगुनी ये ठेकेदार कर रहे हैं। यही वजह है कि लंबे समय से ठेके पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों की आर्थिक हालत बद से बदतर हो गई है।

कई सालों से नगर निगम इन सफाई कर्मचारियों के प्रति अनदेखी बरत रहा है। इनसे काम लेने के लिए ठेकेदारों को ठेका दे दिया गया है लेकिन ये ठेकेदार जिन सफाई कर्मचारियों से काम ले रहे हैं। उनका भरपूर शोषण कर रहे हैं। बरसों से जो सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है क्योंकि इन सफाई कर्मचारियों के लिए निगम जितनी बड़ी रकम ठेकेदारों को देता है। उसकी तुलना में काफी कम रकम या वेतन ठेकेदार अपने अधीन काम कर रहे है कर्मचारियों को वेतन देते हैं। इधर नगर निगम के अधिकारी एवं जिम्मेदार नेताओं को इस बेहद लचर और शोषण भरी नीति के प्रति कोई जिम्मेदारी की समझ नहीं है। ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे शोषण की जानकारी देने पर भी कमीशनखोरी के चलते अफसर इस अव्यवस्था के प्रति कोई बदलाव नहीं कर रहे है और गहरी नींद में सोये हुए हैं।



**ठेकेदार के अधीन सफाईकर्मियों की माली हालत बेहद खराब सफाई कर्मचारियों सहित निगम को ठेकेदार लगा रहे चूना**

ज्ञात हो कि पिछले कई सालों से नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों से काम लिया जो रहा है। वह ठेके पर कराया जा रहा है। केवल नियमिति कर्मचारी ही निगम के अंतर्गत सीधे वेतन पा रहे हैं। इसके अलावा हजारों की संख्या में काम रहे सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया गया है। निगम के अधिकारी और जिम्मेदार लोग इस ओर कभी ध्यान दिया ही नहीं और न ही इस ओर कोई अच्छा फैसला करने की कोशिश की। यही कारण है कि ठेकेदारों के अधीन सफाई कर्मचारियों की हालत दयनीय है।

### ईपीएफ और ईएसआईसी के खाते में नहीं जमा की जा रही रकम

यह बेहद गंभीर विषय है कि निगम ठेकेदारों के अंतर्गत काम कर रहे वर्षों पुराने सफाई कर्मचारियों के खाते में नियमानुसार ईपीएफ और ईएसआईसी की रकम खाते में जमा नहीं की जा रही है। इससे कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। लगभग 85 लाख रूपये की हेराफेरी करने की खबर हाल ही में सामने आई थी। इसके बाद भी निगम अफसर पूरी लापरवाही और बेपरवाही करते हुए मौन साधे हुए है।

### तत्काल ठेकेदारों का ठेका बंद कर दिया जाए

इस संबंध में नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने कहा कि हमारे सफाई कर्मचारियों की माली हालत के प्रति अफसर गंभीरता नहीं बरत रहे हैं। न ही कभी इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास ही किया। जिससे दिन प्रतिदिन हालत बद से बदतर हो गई है जबकि इन ठेकेदरों की चांदी हो गई है। लेकिन यदि यही स्थिति में बदलाव नहीं किया गया तो अब सफाई कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाएगी। इसलिए यह ठेकेदारों के ठेको को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाना चाहिए और निगम प्रशासन अपनी व्यवस्था से इन सफाई कर्मचारियों से काम ले।

### उग्र आंदोलन करने की तैयारी में है आक्रोशित कर्मचारी

यदि यह अव्यवस्था के प्रति शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सारे सफाई कर्मचारियों के लिए अब आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं है। जिससे इन अधिकारियों को नींद से जगाया जाए।

# साकेत ने साहित्यकार कुबेर का 68वां जन्मदिन मनाया



सरस काव्य गोष्ठी के साथ संगठनात्मक चर्चा की गई

सुरगी (दावा)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें संगठनात्मक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 जुलाई रविवार को नए पदाधिकारियों का मनोनयन/चुनाव किया जाएगा। रजत जयंती पर स्मारिका प्रकाशित की जावेगी जिसके लिए रचनाएं आमंत्रित की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि वीरेन्द्र तिवारी वीरू ने की।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं परिषद के संरक्षक कुबेर सिंह साहू का 68वां जन्मदिन मनाया गया। परिषद के सदस्यों ने साहित्य के क्षेत्र में उनके अवदान को रेखांकित करने के साथ ही समिति के संचालन में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। परिषद द्वारा श्री साहू को शाल, श्रीफल, पेन एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। कुबेर सिंह साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि साकेत साहित्य परिषद में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का हमेशा पालन होते रहा है। परिषद अपने नियमावली अनुसार खरा उतरा है।

उन्होंने आगे कहा कि साहित्य लेखन में पारंगत हासिल करने के लिए हमें अन्य बड़े साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ना चाहिए और सीख लेना चाहिए। उन्होंने कविता के साथ ही गद्य की प्रमुख, गौण विधा पर भी कलम चला कर साहित्य को समृद्ध करने की अपील की।

हिंदी में लिखते समय व्याकरण पक्ष पर ध्यान देना अत्यावश्यक है। महतारी भाषा छत्तीसगढ़ी में अधिकाधिक लेखन पर बल दिया। वीरेन्द्र तिवारी वीरू ने कहा कि साकेत साहित्य परिषद ने विगत 25 वर्ष में जिले ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। साकेत के सदस्यों ने अपनी सक्रियता और जागरूकता से साकेत को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। परिषद के अध्यक्ष लखनलाल साहू लहर ने कहा कि परिषद द्वारा मासिक गोष्ठी, वार्षिक समारोह के जरिए समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया है।

काव्य गोष्ठी के साथ ही विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर परिचर्चा एवं छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से संबंधित गोष्ठी आयोजित कर जिले और प्रदेश के साहित्यकारों एवं लोक कलाकारों का सम्मान कर एक भागीरथ प्रयास किए हैं। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया के संगठन सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता यूनुस अजनबी ने कहा कि जिस प्रकार से साकेत साहित्य परिषद ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है वह अन्य साहित्यिक संस्थाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। इस कार्यक्रम में 38 बार रक्तदान करने के लिए युनुस अजनबी और 16 बार रक्तदान करने के लिए लखन लाल साहू लहर को बुके और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। द्वितीय दौर में सरस का गोष्ठी का आयोजन किया गया।

काव्य पाठ करने वाले कवियों में वीरेंद्र तिवारी वीरू, मानसिंह ठाकुर, लखन लाल साहू लहर, ओमप्रकाश साहू अंकुर, फागू दास कोसले, कुलेश्वर दास साहू, कैलाश साहू कुंवारा, फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, युनुस अजनबी, आनंद राम सार्वा, पवन यादव पहुना, डोहर दास साहू सम्मिलित हैं। परिचर्चा, गोष्ठी का संचालन वीरेन्द्र कुमार तिवारी, ओमप्रकाश साहू अंकुर एवं आभार व्यक्त कुलेश्वर दास साहू सचिव ने किया। इस अवसर पर देवदास साहू, अनिल कुमार साहू, तोषण साहू, प्रीतेश साहू, आशीष साहू, संजय साहू की उपस्थिति रही।

# हेल्प एज इंडिया का जन जागरूकता कार्यक्रम

**बुजुर्गों के साथ आए दिन कई प्रकार की दुर्व्यवहार होते रहते हैं जिसमें शारीरिक, मानसिक व आर्थिकता के अतिरिक्त उपेक्षा और परित्याग के कारण प्रमुख हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिसंबर 2011 में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार दिवस यानी वृद्धजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता के मकसद से यह दिवस मनाया जाता है, ताकि पूरे विश्व में वरिष्ठ जनों के साथ होने वाली प्रताड़ना एवं दुर्व्यवहार पर इनकी आवाज बना जा सके। इसी बात को ध्यान में रखकर भारत सहित विश्व के अनेक देशों में 15 जून को यह दिवस मनाया जाता है।**




गत दिवस रायपुर के प्रेस क्लब में ऐसा ही एक आयोजन किया गया। जिसका विषय था, भारत में वृद्धावस्था देखभाल की चुनौतियां जिसका आयोजन किया था। हेल्प एज इंडिया के राज्य इकाई ने इस विषय पर बोलते हुए एनआईटी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.वीणा चावला ने कहा आज की युवा पीढ़ी और बड़े बुजुर्ग की उम्र में काफी अंतर है। इस व्यवस्था में हम मानसिक सोच के साथ विकास करने के लिए समय दें या इस अवस्था को समझने के लिए समय लगाएं कि, हम क्यों जी रहे हैं. इसके लिए हमें परिवार, समाज और प्रकृति के विषय को समझना होगा, ताकि मानव मूल्य के विकासात्मक अध्ययन भी हमारी शिक्षा का अनिवार्य अंग बने।

आईकान महिला विंग के अध्यक्ष यमला साहू ने कहा, आज संयुक्त परिवार में विघटन का दौर चल रहा है। इसका प्रमुख कारण हमारे संस्कारों में कहीं कोई कमी है, आज भी अधिकांश महिलाएं पुरुषों पर निर्भर हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आज भी अशक्त हैं। जिससे बुजुर्गों के साथ होने वाले डिजिटल फ्रॉड एक गंभीर समस्या बनी हुई है, हमें इस पर समुचित जानकारी के साथ ही अपडेट रहने की भी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए जेष्ठ नागरिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश देवरस ने बुजुर्गों पर डाटा पेश करते हुए कहा-आज जिस प्रकार वृद्ध जनों की संख्या बढ़ रही है, सन 2050 तक इस देश में बुजुर्गों की आबादी 30 करोड़ तथा पूरी दुनिया में 210 करोड़ होने का अनुमान है इस बीच युवाओं की संख्या में भी कमी होने के आसार हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी भारत सरकार के द्वारा हम बुजुर्गों के लिए कोई भी ठोस नीति नहीं बनाई गई है।

कार्यक्रम आयोजक एवं हेल्प एज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभंकर विश्वास ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि, हेल्प एज इंडिया कोई रिसर्च आर्गेनाईजेशन नहीं है पर वह बुजुर्गों पर सर्वे करवाती है और अपना रिपोर्ट राज्य सरकारों को देती है। यदि 60 साल को एवरेज उम्र माने तो इस समय छत्तीसगढ़ में 36 लाख से ऊपर सीनियर सिटीजन हो गए हैं. हमारी संस्था हेल्प एज इंडिया वर्तमान व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाएं इस पर कार्य कर रही है, उन्होंने राज्य शासन द्वारा वृद्ध जनों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

इसके पूर्व हेल्प एज इंडिया के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का पुष्प कुछ से स्वागत कर उनका सम्मान किया, कार्यक्रम को एम्स रायपुर के डीन नरेश चंद्र अग्रवाल दुर्गा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनीता चौरसिया तथा एम्स रायपुर के टीम लीडर अमित कुमार ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में अनेक प्राध्यापक समाज सेवी वरिष्ठ जन, इसके अध्यक्ष पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी कर्मचारी व इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया की उपस्थिति प्रमुख थी।

# मोक्षधाम सांकरदाहरा में सेन समाज की निकली भव्य जल कलश शोभायात्रा



**राजनांदगांव(दावा)। जिले के डोंगरगाँव निकट स्थित मोक्षधाम सांकरदाहरा में सेन समाज के आराध्य संत श्री नंदा सेन जी की मूर्ति स्थापित होने जा रही है। इस प्रसंग पर यहां भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई। धूमधाम से निकाली गई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग सम्मिलित थे।**

**सांकरदाहरा में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ आगाज संत शिरोमणि श्री नंदा सेन की मूर्ति होगी स्थापित**

सेन समाज के इन्द्र सेन ने बताया कि नाई समाज के नव-निर्मित सेन मंदिर में गुरूदेव संत श्री शिरोमणि नंदा सेन जी महाराज के मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन जिला सेन समाज के तत्वावधान एवं ब्लॉक डोंगरगाँव सेन समाज के नेतृत्व मे 16 जून से से 20 जून गुरूवार तक तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित है। जिला सेन समाज के जिलाध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य के दिशा निर्देश में डोंगरगाँव ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कौशिक ने बताया है कि तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में आज प्रथम दिवस 18 जून को सांकरदाहरा में दोहपर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा द्वारा शुभारंभ किया जाएगा जो आयोजन स्थल से ग्राम सांकरदाहरा के विभिन्न मार्गो में भ्रमण कर वापिस आयोजन स्थल पहुंचेगा। द्वितीय दिवस 19 जून बुधवार को सुबह 9 बजे से छत्तीस कोटि देवी-देवताओं, नव ग्रहों और वेदी स्थापना का अनुष्ठान किया जाएगा और संध्या 6 बजे से सामाजिक महासभा बैठक आयोजित है। जिला सचिव लोकेश सेन ने बताया कि अंतिम तीसरे दिन 20 जून गुरूवार को प्रथम सत्र में प्रातः 9 बजे से श्री सेन जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा ईष्टदेव का ध्यान, हवन और महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। तत्पश्चात इसी दिन महाप्रसादी के बाद द्वितीय सत्र में सेन सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथिगण, जिला पदाधिकारीगण, ब्लॉक पदाधिकारीगण और बाहर से आए विशेष अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान भजन कीर्तन व शीर्षस्थ रामायण मंडलियों का रामायण गायन कार्यक्रम भी आयोजित है।

# स्वागत-सत्कार से गदगद सांसद पांडे ने कहा - नया भारत इस बार नया इतिहास रचेगा





**बरसते पानी में निकला सांसद पांडे का ऐतिहासिक आभार जुलुस**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 16 जून को नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडे की शहर में धूमधाम के साथ आभार रैली के रूप में विजयी जुलुस निकाली गई। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से एतिहासिक मतों से जीते सांसद पांडे द्वारा लोक सभा चुनाव में उन्हें मिली ऐतिहासिक जीत पर यहां की जनता के प्रति आभार प्रकट करने हेतु शहर में बरसते पानी में निकाले गए एतिहासिक आभार रैली की शहर में धूम रही। बालाजी मंदिर पुराने गंज के पास से फौज फटाके के साथ निकाली गई विशाल आभार रैली में भाजपा के बड़े नेता , कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवा, महिला व आम नागरिक जन उपस्थित थे। नव- निर्वाचित सांसद संतोष पांडे की भाजपा के लोगों सहित आम जनों ने उनकी जीत पर खुले मन से भव्य स्वागत- सत्कार तो किया ही साथ ही आसमान ने बादलों की गड़गड़ाहट के बम पटाखे फोड़े वहीं बरखा रानी ने अपने अमृत बुंदों के फूल बरसाए। इस दौरान आभार रैली में शामिल समस्त लोगों को इंद्र देवता ने अपनी कृपा वर्षा से आशीर्वाद दिया।

### जगह- जगह हुए स्वागत

गंज चौक समीप स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर से पूजा- पाठ के बाद निकली सासंद श्री पांडे की आभार रैली में गाजे-बाजे एवं डीजे की धुन के साथ थिरकते हुए युवाओं ने जोरदार नारेबाजी कर माहौल को गुंजाया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के साथ एक बड़े वाहन में सवार सांसद संतोष पांडे हाथ जोड़कर सबका आभार प्रदर्शन कर रहे थे। जुलुस आगे बढ़ा तो भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की अगुवाई में सांसद जी को हार फूल पहना कर भव्य स्वागत किया गया।इसी तरह तिरंगा चौक समीप पार्षद दल के लोगों ने सांसद जी का पटाखे फोड़ कर स्वागत किया और हारफूल से उन्हें ढांक दिए।भारत माता चौक आजाद चौक में भी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के व्यवसायियों द्वारा सांसद जी का जोरदार स्वागत कर उल्लास प्रकट की। इस दौरान स्थान- स्थान पर सासंद जी का स्वागत करने खड़े लोगो ने अपने घर के छतो एवं छज्जों पर खड़े होकर सांसद जी को हार हिला कर उनके जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं श्री पांडे द्वारा लोगों के अभिवादन को विनम्रता पूर्वक स्वीकार करते हुए उनका आभार प्रदर्शन किया। इसके प्रतिउत्तर में जनता उन पर फूल बरसा रही थी।

### मानव मंदिरों चौक में भव्य स्वागत

सांसद पांडे की आभार रैली मानव मंदिर चौक में पहुंचने पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जमकर आतिशबाजी कर श्री पांडे जी का भव्य स्वागत किया गया। इस तरह शहर के चौक-चौराहों पर की गई जोरदार आतिशबाजी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। धूमधाम से निकली सांसद श्री पांडे की आभार रैली सिनेमा लाइन पहुंची तो इंद्रदेव की कृपा रुप में बारिश होने लगी। इसके बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और भारी बारिश के बावजूद रैली कही रुकी नहीं। इस दौरान बरसते पानी में आभार रैली में शामिल पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर अजीत जैन, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, व्यापार प्रकोष्ठ के राजा माखीजा आलोक बिंदल, राजेश गुप्ता, वरिष्ठ पूर्व भाजपा पार्षद देवशरण सेन, पार्षद मधु बैद, शिव वर्मा, शरद सिन्हा, पारस वर्मा सहित भाजपाई मानव मंदिर व आसपास के दुकान के ओसारे में सर छुपाते देखें गए। वहीं भीगते पानी में पार्षद मणी भास्कर गुप्ता हाथ में माइक लेकर रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाती रही। सांसद श्री पांडे के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता भीगते हुए गंतव्य की ओर बढ़े। आभार रैली अपने निर्धारित स्थल गुरुद्वारे के पास पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

### नया भारत रचेगा, नया इतिहास

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे ने कहा कि आज का नया भारत अबकी बार नया इतिहास रचने जा रहा है, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगातार केंद्र में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार सत्तारूढ़ हुई है, जिसके कारण कई प्रकार के विध्नसंतोषी तत्वों के पेट में मरोड़ हो रही है, भारत की प्रगति सारी दुनिया देख रही है, हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुए हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे पड़ोसी देशों की हालत बद से बदत्तर हो गई है। आज देश में सड़कों का जाल बिछ रहा है, रेलवे की नई परियोजनाओं का कार्य द्रुतगति से चल रहा है, जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, केंद्र में नहीं सरकार बनते ही जहां किसानों को सम्मान निधि का भुगतान कर अपनी प्राथमिकता मोदी जी ने बता दी है। वहीं गरीबों के करोड़ों की संख्या में मकान बनाकर भारत के नवनिर्माण का संकल्प भाजपा ने लिया है।

सभा में आभार व्यक्त करते हुए लोकसभा चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने कहा कि विगत 5 वर्षों में भूपेश बघेल द्वारा राजनांदगांव से किए गए पक्षपात पूर्ण निर्णय से राजनांदगांव की जनता आक्रोशित थी, इसलिए राजनांदगांव ने उन्हें 57000 वोटों से पराजित कर वापस पाटन भेजा है, जिसके कारण आज कार्यकर्ता भारी बारिश में उत्साहित होकर भाजपा की जीत की खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने सभी उपस्थित जनता एवं कार्यकर्ताओं के साथ पत्रकार बंधुओं एवं चुनाव में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का गुरु पूर्णिमा पर होगा नगर आगमन

राजनांदगांव (दावा)। आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 19 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे।



गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होगा। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

श्री लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई रविवार को राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डा.कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज सज्जा, गुरु पूजन, गुरु प्रसादी, बाहर से आने वाले गुरु भाई एवं बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया गया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पूज्य गुरुदेव भगवान की आवास व्यवस्था डॉ. कल्याण साहू के निवास, कंचन बाग में रहेगी। कार्यक्रम हेतु स्थल के लिए चर्चा लक्ष्मण लोहिया द्वारा की जाएगी। प्रसादी हेतु रसोइया की बातचीत डॉ.कल्याण साहू द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में होने वाले खर्च की व्यवस्था आपसी समन्वय बनाकर की जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डॉ. कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हितू, श्रीमती संगीता चंद्रकांत जोशी एवं श्रीमती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए। सभी ने महोत्सव को धूमधाम से मानने का निर्णय लिया है।

# किसान सम्मान निधि अंतर्गत जिले के 117601 किसानों के बैंक खाते में 23 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि की गई अंतरित



**किसान सम्मेलन कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं किसान**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि अंतर्गत जिले के 1 लाख 17 हजार 601 किसानों के बैंक खाते में 23 करोड़ 53 लाख रूपए 17वीं किस्त की राशि अंतरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में किसान सम्मेलन कार्यक्रम से जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, कोमल सिंह राजपूत, भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने जिले में बोर उत्खनन कार्य अधिक होने के कारण पानी के जल स्तर को बढ़ाने हेतु जानकारी दी। कलेक्टर ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने, पुराने तालाबों में जल संग्रहण करने एवं ग्रीष्मकाल में धान की जगह कम पानी की आवश्यकता वाली वाले फसल लगाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एसएस देशलहरे, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम, श्रीमती मंजूलता मेरावी सहित कृषि विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कृषक एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# विवाह के पूर्व सिकल कुंडली का करें जरूर मिलान - कलेक्टर

- सिकलसेल बीमारी के प्रति लोगों को करना होगा जागरूक
- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर सिकल सेल जागरूकता रथ को किया रवाना



राजनांदगांव (दावा)। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सिकल सेल बीमारी की पहचान, सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। इस अवसर पर नेशनल कान्क्लेव अवेयरनेस जेनरेशन ऑन सिकल सेल डीजिज एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। जिला पंचायत परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क सिकल सेल जांच शिविर आयोजित किया गया। जांच शिविर में अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने जांच कराई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल कार्यक्रम में निःशुल्क स्क्रीनिंग किए जा चुके 5 हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हें सिकल सेल रोग का समुचित इलाज का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक व्यक्ति का निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जांच की जा रही है। जिससे लोगों को सही समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध करा सके। इस बीमारी के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही समय पर स्क्रीनिंग एवं जांच होने पर सिकल सेल की बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है लेकिन सिकल सेल रोग में यह कार्य बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। इसकी सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। किसी भी बीमारी का सही समय में जांच होने पर समाधान निकलता है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सिकल सेल बीमारी होने पर मरीज को बहुत सारी समस्याएं होती हैं। यदि समय पर पता चल जाए तो उसे नियमित दवाई लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते जांच करानी चाहिए। जिससे सही समय पर ईलाज हो सके। किसी के घर में कोई बीमार व्यक्ति रहता है तो पूरा परिवार परेशान रहता है। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का पता नहीं चलेगा उसका समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जांच कराने से बीमारियों का पता चल जाता है और इसका सही समय पर समाधान निकल जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 3 लाख से अधिक लोगों का स्क्रीनिंग करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी के संबंध में जनसामान्य जागरूक होंगे तो यह समस्या कम हो जाएगी। इसके लिए सावधानियां बरतने कहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सिकल सेल बीमारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली बीमारी है। इस रोग में गोलाकार हीमोग्लोबीन हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। उन्होंने बताया कि सिकल सेल होने पर भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शरीर में दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क सिकल सेल जांच करा सकते हैं। सिकल सेल के मरीजों के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में हाइड्रोक्सीयूरिया दवाई निःशुल्क उपलब्ध है। विवाह पूर्व सिकल सेल जांच अवश्य कराना चाहिए। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्त्यिों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग सुश्री दिक्षा गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानीन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शराब के कारोबार को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए साय सरकार का एक और बड़ा निर्णय

- विदेशी शराब की थोक खरीदी की लायसेंसी व्यवस्था समाप्त
- छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन को दी गई खरीदी की जिम्मेदारी
- कांग्रेस के कार्यकाल में लायसेंस-नियम लागू कर किया गया था बड़ा भ्रष्टाचार
- राज्य को हुआ था हजारों करोड़ रुपए का नुकसान
- नई व्यवस्था से अवैध और नकली शराब की बिक्री पर लगेगी रोक
- उपभोक्ताओं को मिल सकेगा गुणवत्तापूर्ण और पसंदीदा ब्रांड का उत्पाद
- हाल ही में साय सरकार ने कांउटरों पर यूपीआई भुगतान सुविधा भी लागू की है



रायपुर (दावा)। शराब के कारोबार को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए आज विष्णु देव साय की सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। आज आयोजित कैबिनेट की बैठक में विदेशी शराब की थोक खरीदी के लिए लायसेंसी-व्यवस्था को समाप्त करते हुए शराब निर्माताओं से सीधे शराब की खरीदी करने का निर्णय लिया गया है, इसके लिए छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन को जिम्मेदारी दी गई है।

राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने सत्ता में आते ही पिछली सरकार पर लगे व्यापक भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोपों की जांच शुरू कर दी थी, साथ ही सभी क्षेत्रों में पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का वादा राज्य के नागरिकों से किया था। पिछली सरकार पर जिन घोटालों के गंभीर आरोप लगे थे, उनमें शराब घोटाला प्रमुख था। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने पिछली भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई आबकारी नीति में संशोधन कर एफएल-10 लायसेंस का नियम बनाया और अपने चहेते फर्मों को सप्लाई का जिम्मा दे दिया। इससे राज्य में जहां अवैध शराब, नकली शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने लगी वहीं नकली होलो ग्राम चिपकाकर बोतलों की स्कैनिंग किए बिना घटिया शराब बेची गई। इससे राज्य सरकार को हजारों करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ और शराब उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को भी गंभीर क्षति हुई।

राज्य में शराब कारोबार में मनमानी पर अंकुश लगाने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार ने हाल ही में शराब कांउटरों पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान सुविधा शुरू की है, ताकि शराब की मनमानी कीमत पर बिक्री पर रोक लगाई जा सके और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपभोक्ताओं को मिल सके।

इसके बाद आज कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय से विदेशी शराब की खरीदी के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की पुरानी व्यवस्था को फिर से स्थापित कर दिया गया है। इसके मुताबिक विदेशी शराब की खरीदी सरकार एजेंसी द्वारा की जाएगी और उसी की आपूर्ति शराब कांउटरों पर की जाएगी। इससे जहां उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलना सुनिश्चित होगा, वहीं वे अपनी पसंद के ब्रांड के उत्पाद हासिल कर सकेंगे।




# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर जिले में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम की हुई बैठक



**अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने दिए गए कड़े निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले में सोशल मीडिया मानीटरिंग टीम की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अफवाह फ़ैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए एक एस पी ने कड़े निर्देश दिए हैं। इसी तरह धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक व विभिन्न प्रकार के ग्रुपों और व्यक्तियों द्वारा अफवाह फैलाने वालों को चिन्हाकिंत करने के भी उन्होने निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

बता दें कि 18 जून बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम की बैठक ली गई। जिसमें सोशल मीडिया (फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, ट्वीटर आदि) पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक व विभिन्न प्रकार के ग्रुपों और व्यक्तियों द्वारा अफवाह फैलाने वालों को चिन्हाकिंत करने के निर्देश दिए गये। मीटिंग में खासतौर पर धार्मिक उन्माद फैलाने, जातिगत टिप्पणी, फोटो-वीडियो, मैसेज वायरल करने वालों पर निगाह रखने और समय रहते त्वरित कार्रवाई करने, पोस्ट डिलीट करवाने, ग्रुप एडमिन को सचेत करने एवं इस तरह सोशल मीडिया के माध्मय से किसी भी प्रकार की भ्रांति या अप्रिय घटना घटने की संभावना हो तो समय रहते पोस्ट करने वाले एवं एडमिन की पहचान कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये।

बैठक में सायबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, डीएसबी शाखा प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू एवं जिले के समस्त थाना/चौकी के सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि शहर के नागरिक सामाजिक समरता, आपसी सौहार्द व शांति व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। वे गैर कानूनी गतिविधियों का हिस्सा ना बनें। वे लोग ऐसा ना करें जो कानूनी रूप से विधि विरुद्ध है। पुलिस द्वारा कहा गया है कि

आपत्तिजनक व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले पोस्ट व्हाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर ना करें, यदि कोई करता हैं तो उसे बढ़ावा ना दें। किसी भी प्रकार के पुराने हिंसक या दंगे के पोस्ट को दोबारा अपलोड कर भ्रामकता ना फैलाएं। यदि कोई पोस्ट दिखती हैं तो पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 07744-286622 या डायल 112 को सूचित करें।

# टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 30 जून तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेण्ड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय व सेक्टर आटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 30 जून तक शासकीय आईटीआई पेण्ड्री राजनांदगांव में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। योजना अंतर्गत टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com